वर्ष- 21 अंक - 336 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 22 मई 2026

# 721 साल बाद पहली बार शुक्रवार को भोजशाला में हिन्दुओं की एंट्री

## लगे वाग्देवी के जयकारे, अखंड पूजा के साथ हुई महाआरती, पूरा धार बना पुलिस छावनी

इतिहास रचा गया




धार ● एजेंसी

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में लंबे अंतराल के बाद आज शुक्रवार को हिंदू समाज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-अर्चना का अधिकार मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजशाला पहुंचे और मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना की। भोजशाला परिसर में लगे उस बोर्ड को भी पोत दिया गया है, जिस पर पहले लिखा था, 'शुक्रवार को हिंदुओं का प्रवेश वर्जित'। बता दें कि 721 साल बाद पहली बार शुक्रवार को परिसर में हिंदुओं की एंट्री हुई है।

आज सुबह 9 बजे महाआरती हुई, जबकि दोपहर 12 बजे से भोजशाला परिसर में बड़े आयोजन की तैयारी की गई है। भोजशाला आंदोलन में बलिदान देने वाले तीन शहीद परिवारों के सम्मान का कार्यक्रम भी रखा गया है। इधर, पूरे धार शहर में हाई अलर्ट घोषित कर सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। वहीं मस्जिद पक्ष की सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर भी सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। मस्जिद पहुंचने, नमाज की अनुमति के लिए याचिका दायर की है। कोई तनाव न हो इसके लिए पूरे धार को पुलिस छावनी बना दिया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अगर किसी ने गड़बड़ी की तो अंजाम क्या होगा, यह वे जानें। इस बीच मुस्लिम पक्ष ने कहा कि आज काली पट्टी बांधकर मोहल्लों और घरों में नमाज होगी। कमाल मौलाना दरगाह क्षेत्र में उर्स और लंगर का आयोजन भी होगा।



## कंगना ने गुपचुप कर ली शादी?

**शुक्रवार.एजेंसी।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत हाल ही गले में मंगलसूत्र पहने और हाथों में हरी चूड़ियां पहने दिखीं। एक्ट्रेस के इसी अंदाज को देख सवाल उठ रहे हैं कि क्या कंगना ने गुपचुप शादी कर ली है? किससे शादी की है और कब की?

## आज मोदी से मिलेंगे शुभेंदु और एक्टर विजय

**नई दिल्ली.एजेंसी।** बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री एक्टर विजय आज दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

## भारत जितना तेल लेना चाहे अमेरिका देगा

**शुक्रवार.एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने नई दिल्ली रवाना होने से पहले कहा कि अमेरिका भारत को 'जितना तेल और गैस चाहिए, उतना देने' के लिए तैयार है। रुबियो 23 से 26 मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।



## अब अखिलेश ने दी कांग्रेस को धमकी

**लखनऊ.एजेंसी।** पिछले दिनों राहुल गांधी का संदेश लेकर कांग्रेस के नेता मायावती के पास बसपा से गठबंधन का संदेश लेकर पहुंचे थे, लेकिन मायावती ने इन्हें बेरंग लौटा दिया था। अब अखिलेश ने इशारे-इशारे में कांग्रेस को कह दिया कि जिसको बसपा से गठबंधना करना है करे, हम सभी सीटों पर अकेले लड़ने के लिए तैयार हैं।

## मौत का डर बेटे की शादी में भी नहीं जाएंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध के चलते वह अपने



बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की शादी से दूर रह सकते हैं। वॉइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह शादी में शामिल होने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन साथ ही ईरान के मौजूदा हालात की वजह से इसे उनके लिए मुश्किल समय बताया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वह शादी में शामिल हों या न हों, दोनों ही स्थिति में वह 'मारे जाएंगे।' ट्रंप के बड़े बेटे 48 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप जूनियर इस सप्ताह के आखिर में शादी के बंधन में बंधन में बंधने जा रहे हैं। वह बहामास में एक प्राइवेट सेरिमनी में सामाजिक कार्यकर्ता और मॉडल बेटिना एंडरसन से शादी करेंगे।

# पूर्व डीसीपी के बंद घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे अधिकारी

## बंगाल में ईडी का ताबड़तोड़ एक्शन

कोलकाता ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल में जबरन वसूली रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह 6 बजे से कोलकाता और मुर्शिदाबाद में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह रैकेट कथित तौर पर 'सोना पप्पू' और पूर्व डीसीपी शांतनु सिन्हा बिस्वास द्वारा चलाया जा रहा था।

मुर्शिदाबाद ज़िले के कांडी शहर में कोलकाता पुलिस के पूर्व डिप्टी कमिश्नर और कालीघाट पुलिस स्टेशन के पूर्व इंस्पेक्टर-इन-चार्ज शांतनु सिन्हा बिस्वास के आलीशान पैतृक आवास पर ईडी की टीम ने ताला तोड़कर धावा बोला। यह घर कांडी नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 में स्थित है और पिछले एक हफ्ते से पूरी तरह बंद पड़ा था।

कोलकाता के रॉय स्ट्रीट स्थित एक होटल और एक कारोबारी के घर पर छापेमारी की गई। इसके अलावा कोलकाता पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर के आवास पर भी जांच एजेंसी पहुंची।

## 19 मजदूरों और 6 पुलिसकर्मियों को गोलियों से भून डाला

**शुक्रवार.एजेंसी।** सेंट्रल अमेरिकी देश होंडुरास में दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। इनमें 19 मजदूर और 6 पुलिसकर्मी शामिल हैं। दोनों हमलों में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। पहला हमला उत्तरी होंडुरास के त्रूजिलो शहर में एक प्लांटेशन पर हुआ। हमले में 19 मजदूर मारे गए। दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ शहर में हुआ, जहां बंदूकधारियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इसमें 6 पुलिसकर्मी मारे गए।

## किंग चार्ल्स की मौत की झूठी खबर से मचा हड़कंप

**लंदन.एजेंसी।** ब्रिटेन में उस वक्त अचानक हड़कंप मच गया जब एक रेडियो स्टेशन ने गलती से किंग चार्ल्स तृतीय की मौत का ऐलान कर दिया। इसका ऐलान होते ही पूरे देश में हड़कंप मच गया। हालांकि थोड़ी ही देर बाद साफ हो गया कि यह खबर पूरी तरह फर्जी थी और तकनीकी खराबी की वजह से ऑन-एयर चली गई थी।



## भीषण गर्मी से 5 मोर, 2 उल्लू मरे 50 कैडेट्स बीमार

**शुक्रवार.एजेंसी।** बुरहानपुर जिले की नावरा रेंज के साईंखेड़ा में पांच राष्ट्रीय पक्षी मोर और दो उल्लू मृत पाए गए हैं। संभवतः गर्मी के कारण इनकी मौत हुई। उधर जबलपुर में एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण शिविर में 50 से अधिक बच्चे (कैडेट्स) बीमार हो गए। एक तो गर्मी ऊपर से रात में पनीर खाने के बाद इनकी हालत बिगड़ गई। इन्हें उल्टी, दस्त होने लगे।

## बस बनी आग का गोला, ड्राइवर जिंदा जला, दो दर्जन यात्री झुलसे

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ एक्सप्रेसवे पर देर रात कानपुर से गुरुग्राम जा रही एक बस आगे चल रहे कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई और कुछ ही देर में उसमें भीषण आग लग गई। हादसे के दौरान बस चालक शंभू स्टियरिंग में फंस गया, जिससे वह बाहर नहीं निकल सका और जिंदा जल गया। घटना के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे जिनमें दो दर्जन यात्री झुलस गए। उधर उज्जैन में गरोठ हाईवे पर एक कार जलकर राख हो गई, लेकिन कार चालक बाल-बाल बचा।



# आयुक्त से कहा, अपर आयुक्त से नहीं संभल रहा जल वितरण का काम

## कांग्रेस की दो टूक, तत्काल हटाकर नए को दिया जाए प्रभार, कांग्रेसी पार्षदों के भी हो काम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इन दिनों इंदौर जैसे बड़े शहर के 85 वार्डों में जल संकट गहराया हुआ है। इस भीषण गर्मी में निजी, सरकारी बोरिंग या तो सूख गए या बहुत कम पानी दे रहे हैं। पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, लोग पानी से परेशान है और विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने शहर की जनता की आवाज को अपनी आवाज बनाई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का मानना है कि जल वितरण से संबंधित अपर आयुक्त आशीषकुमार पाठक अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा पाए हैं। इसलिए उनकी बदली कराने को लेकर कांग्रेस ने कल निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मुलाकात शाम को की और उनसे कहा कि शहर में जल का गंभीर संकट है। सभी वार्डों के मोहल्लों में पानी की सुचारू व्यवस्था की जाए। निगम द्वारा सुचारू पानी वितरण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। अगर निगम द्वारा व्यवस्थित तरीके से काम किया जाता तो शहर में जल



संकट की इतनी गंभीर स्थिति नहीं बनती। वहीं कांग्रेसी पार्षद लगातार शिकायत कर रहे हैं कि उनके वार्डों में काम नहीं हो रहे हैं, फाइलें स्वीकृत नहीं हो रही है, इस पर भी चिंटू चौकसे सहित कांग्रेसियों ने कहा कि भेदभाव नहीं होना चाहिए और कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड में भी बरोबर से काम किए जाने चाहिए। अपर आयुक्त आशीषकुमार पाठक ने इस गंभीर जल संकट को लेकर दायित्व ठीक से नहीं निभाया। इसी कारण यह गंभीर समस्या बनी है। इसलिए पाठक से जल वितरण विभाग का प्रभार वापस लेकर किसी अन्य योग्य और जिम्मेदार अधिकारी को यह कार्य सौंपा जाए। इस ज्ञापन के दौरान चिंटू चौकसे, दीपू यादव, शैलेष गर्ग, अमित पटेल, रफिक खान, सादिक खान, सोनिला मिमरोट, राजा चौकसे सहित अन्य मौजूद थे।

# अब गोयल विहार के लोग पानी के लिए हुए एकत्रित

### कांग्रेस नेता बजाज ने कहा- एक दिन पहले विधायक पानी के लिए असहाय, तो दूसरे दिन दिखे सहज, फिर भी समस्या तस की मस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 5 से जुड़े अमन बजाज गोयल विहार के लोगों के साथ खजराना तालाब के समीप नाराजगी के साथ एकत्रित हुए। वहां अधिकारियों से पानी की गुहार की गई। इस दौरान लोगों ने जमकर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान अमन बजाज भी नाराज लोगों के साथ मौजूद रहे और बजाज ने कहा कि विगत दिनों विधायक महेन्द्र हार्डिया ने मीडिया के





समक्ष बयान दिया था कि वे जल समस्या से परेशान है और क्षेत्र में कुछ टंकियां भराती है, कुछ खाली रहती है और पूरा मामला महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मत्थे मढ़ा था। नगर भाजपा अध्यक्ष ने ऊपर के निर्देश पर विधायक और महापौर के बीच नाराजगी का गठबंधन सुलह के साथ पेश कराया था। इस पर भी बजाज ने कहा कि क्या एक ही दिन में विधानसभा 5 में पानी सब दूर आना शुरू हो गया। विधानसभा 5 के लोगों ने हार्डिया को 5 बार का विधायक बनाया, फिर भी वे पानी की समस्या को लेकर दूरदर्शिता नहीं रख सके और पूरी गलती महापौर के मत्थे मढ़ी और एक ही दिन में दोनों के बीच का भेदभाव खत्म भी हो गया। विधानसभा के 18 वार्डों में पानी को लेकर त्राहिमाम की बात भी बजाज ने बताई कि इन सभी 18 वार्डों में बगैर भेदभाव के पानी की सप्लाय हो इसके लिए विधायक को रोड पर निकलना होगा, जनता से विधायक मिले, ना कि महापौर से मिले, जो लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं उनके बीच विधायक पहुंचे और उनकी समस्या को जल वितरण कराकर खत्म करें।



## विधायक और एमआईसी सदस्य ने शुरू कराई प्रतियोगिता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश रोल बॉल लीग का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता आज से 25 मई तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता आज से शुरू हुई लेकिन इसका शुभारम्भ विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया, पार्षद प्रणव मंडल, राजू दाभाडे, प्रताप पगाडे, अर्जुनसिंह चौहान, चेतन मंडल, मधु शर्मा, हेमंत जोशी की मौजूदगी में किया गया था।



## कांग्रेस नेता सीतलानी को फूलमालाओं से लादा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस नेता और सेनानी परिवार से प्रदेश स्तर से जुडे अजयनारायण सीतलानी का कल निकट के लोगों ने कार्यक्रम आयोजित किया और उनका अवतरण दिवस पर भी मनाया। दिलीप राजपाल, विकास जोशी, सुधा भंडारी, सुभाष जैन, डॉ अब्दुल गफ्फार खान, नियामत खान, आकांक्षा महेश शर्मा, विजय कुशवाहा, अनोखी लाल अंगदेले, अनिल शर्मा, कृष्ण बाल, मनोहरसिंह तोमर मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री बोले-स्कूली शिक्षा में एआई का कौशल शामिल हो

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि स्कूली शिक्षा में कक्षा 8 से 12 में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के कौशल को शामिल किया जाये। अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एक जुलाई से पहले पूरी कर ली जाए, सभी स्कूलों में बनाई जाए बाउण्ड्री वॉल्स, शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाली शालाओं को करें सम्मानित, सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं, पूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन कराएं। निजी





विद्यालय खोलने के लिए सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को प्रोत्साहन दिया जाए। प्रदेश की सभी आंशिक जीर्ण-शीर्ण शालाओं की तत्काल मरम्मत करा ली जाए। 1 जुलाई से गुरू पूर्णिमा (29 जुलाई) तक 'शिक्षक वंदना कार्यक्रम', अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। मंत्री उदयप्रताप सिंह भी मौजूद थे।

# हैलीकाप्टर में घुमवाने वाले पटेल के यहां सिंह का भोज

## परिवार के लोग रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजयसिंह राहुल का तीन दिनों तक इन्दौर में कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के यहां दौरा रहा। इस दौरान उन्होने कहीं चाय तो कहीं नाश्ता तो कहीं भोजन भी किया। दौरा प्रारम्भ होने के पहले ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल ने इस तीन दिवसीय दौरे में अजयसिंह के लिए हैलीकाप्टर देने की पेशकश की थी। राहुलसिंह ने कहा था कि उनके नेता



राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अभी कार में दौरा कर रहे है इसलिए वे भी हैलीकाप्टर से दौरा नहीं करेंगे। राधेश्याम पटेल ने अपने नंदी परिसर निवास पर भोज के लिए सिंह को आमंत्रित किया जो सहर्ष स्वीकार किया गया था। पारिवारिक लोगों के बीच यह भोजन अजयसिंह और पटेल परिवार का हुआ। पटेल परिवार की मातृशक्तियां भी इस दौरान मौजूद रही।



वहीं नंदी परिसर के बाद राहुलसिंह का जिले में दौरा शुरू हुआ और दोपहर में देपालपुर विधानसभा के हातोद, हटावदा और फिर देपालपुर मुख्यालय भी पहुंचे। कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी दौरा किया। इस दौरान राधेश्याम पटेल, विपिन वानखेडे, चेतन चौधरी, मोहन चौधरी, गजेन्द्रसिंह राठौर, उमरावसिंह मौर्य, मांगीलाल ठाकुर, मिथलेश जोशी, नरेंद्र सूर्यवंशी, राजेश बड़वाया, शुभम सुनेर सहित अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रभारियों की पहली बैठक पानी मुद्दे की भेंट चढ़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश कांग्रेस ने शहर कांग्रेस में इस बार दो भारी भरकम प्रभारी एक साथ बनाए हैं और दोनों ही विधायक है। एक विधायक बाला बच्चन तो दूसरे विधायक पंकज उपाध्याय है।**

## शहर में बना रहे हैं दो प्रभारी एक प्रभारी से हो गई थी बात फिर उन्हें किया मना, दूसरे प्रभारी से नहीं हुई थी बात इसलिए मुद्दा बढ़ा दिया बैठक का आगे

प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त इन दोनों प्रभारियों की पहली बैठक अभी तक शहर कांग्रेस ने गांधी भवन में नहीं कराई है। कांग्रेस की पहली बैठक 25 मई को गांधी भवन में की जा रही थी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने इसकी जानकारी प्रभारी पंकज उपाध्याय जोरा विधायक को दे दी थी, लेकिन इस बैठक की जानकारी राजपुर विधायक बाला बच्चन को नहीं दी थी। इधर अब चिंटू चौकसे ने प्रभारी की पहली बैठक जो 25 मई को गांधी भवन में होना थी उसे शहर में उत्पन्न जल समस्या को लेकर निरस्त कर दी और पंकज उपाध्याय को वापस फोन लगाकर 25 मई की बैठक नहीं होने की जानकारी दी थी। इधर सूत्रों का कहना है कि बाला बच्चन को बैठक होने और निरस्त होने दोनों ही जानकारी नहीं दी गई थी, लेकिन पंकज उपाध्याय और बाला बच्चन के बीच चर्चा बैठक को लेकर हो गई थी। इधर शहर कांग्रेस का पूरा ध्यान शहर के 85 वार्डो में उत्पन्न हुए जल संकट को लेकर बना हुआ है। अब कांग्रेस 26 मई को राजवाड़ा पर शाम 5 बजे धरना-प्रदर्शन करेगी और यही से महापौर पुष्यमित्र भार्गव के इस्तीफे की आवाज भी गुंजाएगी। वहीं 24 मई को पालदा क्षेत्र में भी कांग्रेस का धरना, प्रदर्शन और उसके बाद चक्काजाम कार्यक्रम कुणाल सोलंकी के नेतृत्व में हैं। इस तरह कांग्रेस पूरी ताकत पानी मुद्दे पर लगा रही है। शहर कांग्रेस का राजवाड़ा पर प्रदर्शन बड़ा हो इसके लिए एक दिन पहले होने वाली प्रभारियों की बैठक को भी शहर कांग्रेस ने निरस्त किया। चिंटू चौकसे से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि शहर की जनता पानी से परेशान है इसलिए हम अभी जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए कार्य कर रहे हैं। कल ही कांग्रेस ने निगम आयुक्त से मिलकर पानी मुद्दे पर चर्चा की और इसी मुद्दे पर अपर आयुक्त की बदली की मांग भी की।

# लोग पानी को तरस रहे हैं और महापौर के पास है विकास की लंबी सूची

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इस समय जब इंदौर के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग पैसा देकर टैंकर खरीद कर अपनी पानी की आवश्यकता की पूर्ति कर रहे हैं। आए दिन शहर में चक्का जाम और हंगामा हो रहा है उस समय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव अपने कार्यकाल में हुए विकास की लंबी सूची बता रहे हैं।

भार्गव ने कांग्रेस दल के नेता चिंटू चौकसे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग लगातार जनता के बीच भ्रम और दुष्प्रचार फैलाने का काम कर रहे हैं। जिन कांग्रेस पार्षदों को नगर निगम द्वारा पानी के टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं, वे जनता के सामने इसका पूरा हिसाब रखें कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी के अनुसार उन संसाधनों का कितना और किस प्रकार उपयोग किया है। नगर निगम द्वारा जिन वार्डों में टैंकर आवंटित किए गए हैं और जहां नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उसका रिकॉर्ड भी पूरी तरह स्पष्ट है। नगर निगम सभी वार्डों में नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहा है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो।

महापौर ने कहा कि वर्ष 2020 से 2022 के दौरान शहर में अनेक विकास कार्य किए गए हैं। ब्रिज निर्माण से लेकर संजीवनी क्लिनिक तक कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की गईं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की सूची इतनी लंबी है कि उन्हें गिनाते-गिनाते हम थक जाएंगे और सुनते-सुनते विपक्ष भी थक जाएगा। यह क्या काम आश्चर्य जनक है कि जिस समय इंदौर में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं उस समय पर महापौर अपने कार्यकाल को सफल बताते हुए अपने कार्यकाल में हुए विकास की सूची सुना रहे हैं। इंदौर नगर निगम में वर्ष 1995 में कई सालों के बाद पहली बार चुनाव हुए थे। उस समय पर कांग्रेस के मधुकर वर्मा महापौर चुने गए थे। उनके कार्यकाल से लेकर अब तक के किसी भी मेयर के कार्यकाल में शहर में पानी का ऐसा संकट पैदा नहीं हुआ जैसा इस समय हुआ है। पहले तो नगर निगम के पास साधन और संसाधन भी बहुत कम हुआ करते थे उसके बाद भी पानी के संकट की ऐसी स्थिति नहीं बनी थी।



# मतदाता सूची में कांग्रेस की गलतफहमी बाहर निकली

## राष्ट्रीय निर्वाचन के एसआईआर से प्रदेश निर्वाचन के निकाय चुनाव का कोई लेना-देना नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस के एक नेता ने कांग्रेसियों से कहा था कि जिस तरह से केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर एसआईआर का काम किया गया था और उसमें नाम काटे गए थे उसी तर्ज पर निगम में भी नाम काटने का अभियान चल रहा है। इससे कांग्रेसियों में भ्रम की स्थिति पैदा थी और कांग्रेसी कल कलेक्टर कार्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचे तब कांग्रेसियों को पता पड़ा कि निकाय चुनाव की सूची प्रदेश निर्वाचन के निर्देश पर अपडेट की जा रही है और अभी 25 मई तक नाम जुड़वाने और मृतकों के नाम हटवाने का क्रम जारी है। अभी कांग्रेसियों ने अगले साल होने वाले निगम चुनाव को लेकर जो सूची चेक की उसमें सभी नाम मौजूद थे। अब कांग्रेसियों का कहना है कि कई नाम सूची में डबल दिख रहे हैं, उन्हें हटवाना होगा। कल कांग्रेसियों ने निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की कि नाम बढ़वाने, घटवाने की जो 25 मई तिथि अंतिम है उसे 15 जून की जाए, इसके लिए कांग्रेस ने जो पत्र दिया वह इंदौर निर्वाचन ने प्रदेश निर्वाचन को प्रेषित भी कर दिया। इधर कुछ मुद्दों पर कांग्रेसियों की निर्वाचन अधिकारियों से बहस भी हुई। चिंटू चौकसे, अमन बजाज, शैलेष गर्ग, रफीक खान, अनवर दस्तक, संतोष यादव, राजू भदौरिया, अंसाफ अंसारी, राजा चौकसे, लोकेश हार्डिया, अमित पटेल, सोनिला मिमरोट, आकाश कुशवाह सहित अन्य मौजूद थे।



# विजयवर्गीय की मौजूदगी में जैन का पदभार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने पदभार ग्रहण किया। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि मंडल को एक अत्यंत अनुभवी और योग्य नेतृत्व प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष जैन के दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, विजन और कुशल मार्गदर्शन में मंडल के विकास कार्यों को एक नई गति और ऊँचाई मिलेगी। विजयवर्गीय ने मंडल के आगामी लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के बड़े महानगरों में बड़े प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन किया जाना है। अध्यक्ष जैन ने मंत्री विजयवर्गीय का आभार माना। वरिष्ठ अधिकारी संजय दुबे ने भी उदबोधन दिया।

# इलाज के लिए मुस्कुराते हुए दिल्ली हुए रवाना हुए सुमित मिश्रा

## जांच के बाद दिल्ली में होगा आगामी इलाज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की बुधवार रात तबियत बिगड़ गई थी जिसके बाद उन्हें विशेष जूपिटर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां जांच के बाद उनकी हार्ट की तीन धमनियों में ब्लाकेज बताए गए। जिसके बाद परिजनों ने उनका आगामी इलाज दिल्ली में करवाने का फैसला लिया। जिसके बाद आज सुबह वे विमान से वे दिल्ली रवाना हुए।



सुमित मिश्रा की कल हुई एंजियोग्राफी में जब मल्टीपल ब्लाकेज निकले तो डाक्टर और परिजनों ने आपस में चर्चा कर एंजियोप्लास्टी दिल्ली में करवाने का निर्णय लिया। आज सुबह सुमित मिश्रा और उनके परिजन आगामी इलाज के लिए दिल्ली रवाना हुए। फ्लाइट में मिश्रा मुस्कुराते रहे और फोटो खींचवाने के लिए वी का साइन बनाया। मिश्रा आगामी इलाज दिल्ली के एस्काट अस्पताल में होगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के एक नाम डाक्टर द्वारा मिश्रा का इलाज किया जाएगा।

# दिल्ली के विधायक का इंदौरी परम्परागत स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिल्ली आदर्श नगर के विधायक राजकुमार भाटिया कल इंदौर आए तो दलित नेता और बलाई महासंघ के अध्यक्ष मनोज परमार ने उनका स्वागत। स्वागत ढोल-धमाके और नगाड़ों के साथ कराया। ख़जराना गणेश मंदिर के दर्शन किए गए और परमार के कार्यालय गौपूर कालोनी पर पहुंचे तो वहां जोरदार स्वागत हुआ, पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान तन्नू शर्मा, भवानी कुशवाह, विकास पथरोड, कमल शर्मा, राजासिंह सिसोदिया, गोलू रघुवंशी, रोहित आंजना, रवि मकवाना, दिनेश कुलपारे, दिनेश चौहान, पवन भावसार, दिनेश हिरवे, सुनीता ठाकुर अनुराधा वैद्य, विमला भंडारी, संगीता पाटोदी, रूपमती राठौर, ज्योतिष ज्योति सिंगोड़, उर्मिला आचार्य, जूली राठौर सहित अन्य मौजूद थे।**

राजनीतिक खबरें देखें पेज 4 पर भी

# छावनी की सड़क के लिए जोरदार तोड़फोड़

## सड़क की चौड़ाई घटा देने के बावजूद नागरिकों ने नहीं तोड़े खुद के निर्माण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह छावनी में सड़क के लिए जोरदार तोड़फोड़ शुरू की गई। इस क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई नागरिकों की मांग के अनुसार घटा देने के बावजूद नागरिकों ने अपने निर्माण खुद नहीं तोड़े। निगम की रिमूवल गैंग को जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से 100 से ज्यादा मकानों के हिस्से तोड़ने का काम शुरू करना पड़ा।**

मधुमिलन चौराहा से लेकर छावनी के जगन्नाथ धर्मशाला के सामने वाले स्थान तक सड़क को चौड़ा किया जाना है। वैसे तो मास्टर प्लान में इस सड़क को 80 फीट चौड़ा करने का प्रावधान है। क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई को काम करते हुए 60 फीट करने की मांग उठाई गई थी। इन नागरिकों की इस मांग का इस क्षेत्र के विधायक गोलू शुक्ला ने भी समर्थन किया था। इसके परिणाम स्वरूप इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से रुका हुआ था। कई बार चर्चा के बाद नगर निगम इस सड़क को मात्र 60 फीट की चौड़ाई पर बनाने के लिए सहमत हो गया। निगम के द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से कहा गया था कि वह अब अपने निर्माण खुद अपनी इच्छा से टूटवा लेवे।

निगम के द्वारा नागरिकों को नोटिस दिए जाने के बावजूद नागरिकों ने अपने निर्माण खुद तोड़ने में कोई रुचि नहीं ली। ऐसी स्थिति में नगर निगम ने आज विवश होकर इस क्षेत्र में रिमूवल करने की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई को करने के पहले कल नगर निगम के द्वारा क्षेत्र के सभी भवन के स्वामियों के नाम पर अंतिम नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस में कहा गया था कि 24 घंटे के अंदर आप अपने निर्माण को तोड़ लीजिए अन्यथा निगम के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। इस नोटिस के बाद भी किसी भी मकान मालिक ने अपने मकान के सड़क की चौड़ाई में बाधक हिस्से को हटाने में रुचि नहीं ली।





**निगम की जेसीबी और पोकलेन मशीन ने 100 से ज्यादा मकानों के हिस्से तोड़े**

इस स्थिति के चलते हुए आज सुबह से नगर निगम की टीम इस क्षेत्र में कार्रवाई करने के लिए पहुंच गई। निगम ने कल ही इस क्षेत्र में अनाउंसमेंट करा कर यह जानकारी नागरिकों को दे दी थी कि आज सुबह से यहां पर सड़क की चौड़ाई के लिए तोड़फोड़ की जाएगी। सुबह जब निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची तब बड़ी संख्या में तो लोग अपनी दुकान पर आए ही नहीं थे। उन्हें फोन पर जैसे ही सूचना मिली कि निगम की टीम कार्रवाई के लिए आ गई है वैसे ही दुकान के संचालक अपनी दुकान का सामान बचाने के लिए दौड़ते भागते मौके पर पहुंचे।

निगम की टीम के द्वारा आज सुबह से मकान के बाधक हिस्से को जेसीबी मशीन और पोकलेन मशीन की मदद से तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है की कोशिश यह की जाएगी कि आज शाम तक ही इस काम को पूरा कर लिया जाए लेकिन यदि ऐसा नहीं हो सका तो फिर जितना हो सकेगा उतना काम आज कर लेंगे और फिर बाकी बचा हुआ काम कल किया जाएगा।

### तीन धर्म स्थल पर कार्रवाई नहीं

इस सड़क के चौड़ीकरण में बाधक निर्माण में तीन धर्मस्थल भी शामिल है। इन धर्मस्थल पर नगर निगम की टीम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में जिला प्रशासन को एक चिट्ठी लिख दी गई है। इस चिट्ठी में जिला प्रशासन से कहा गया है कि उक्त धर्म स्थल के निर्माण हटाने के लिए प्रशासन की देखरेख में आपसी सहमति और समझ के साथ कार्रवाई की जाएं।

### लगातार दूसरे दिन कार्रवाई

इंदौर नगर निगम की रिमूवल टीम के द्वारा सड़क को चौड़ा करने के लिए आज लगातार दूसरे दिन कार्रवाई की जा रही है। कल भी निगम की टीम के द्वारा जिंसी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 17 मकान के हिस्से तोड़े गए थे। वहां पर भी सड़क को चौडा करने का काम किया जाना है। वहां तो बड़ी संख्या में लोगों ने खुद ही अपने मकान के बाधक हिस्से हटा लिए थे।

# जहरीला पदार्थ खाने वाले एसीएसआई की स्थिति गम्भीर

## करणी सेना आज करेगी कमिश्नर कार्यालय का घेराव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम के झोन 6 में पदस्थ रहे सहायक सीएसआई महेन्द्रसिंह चौहान ने कल जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। उनका खजराना चौराहा स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां उनकी स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। करणी सेना द्वारा इस मामले में आज कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

अमरसिंह ठाकुर ने बताया कि दोपहर में करणी सेना द्वारा कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम अफसरों द्वारा पक्षपात किया गया है। गलती करने वाले कुछ कर्मचारियों को वेतन काटने या अन्य सजा दी जाती है। वहीं चौहान को बर्खास्त किया गया है। इसी से आहत होकर उन्होने यह कदम उठाया है। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि वे दैनिक वेतनभोगी थे, इसलिए उन्हें सस्पेंड नहीं करते हुए टर्मिनेट कर दिया गया है। इस मामले की शिकायत खजराना पुलिस को भी की गई है. पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। चौहान द्वारा लिखा गया एक नोट भी सामने आया है जिसमें उन्होने आत्म सम्मान आहत होने की बात लिखी है और यह भी लिखा है कि अफसरों से उनकी गलत और झूठी शिकायत हुई है। हालांकि फिलहाल इस नोट की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### फिर करवाएंगे परीक्षण

इस मामले में निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने बताया कि इस मामले की फिलहाल पूरी जानकारी नहीं है, फिर भी अगर इस तरह की कोई घटना हुई है तो मामले का पुनः परीक्षण करवाया जाएगा। दूसरी ओर निगमायुक्त ने यह भी कहा कि वैसे बिना किसी त्रुटि या गलती के किसी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। मामले की पुनः जांच करवाई जाएगी।

# कर्मवीर महिला नेत्रियों को गांधी सद्भावना सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता विजयकुमार मेहरा ने बताया कि कांग्रेस की कर्मवीर मातृशक्तियों को राजीव गांधी सद्भावना सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी महिला आरक्षण के पक्षधर रहे हैं और उन्होंने ही 33 प्रतिशत आरक्षण की बात प्रारंभ की थी और कल जब राजीव गांधी को देश-प्रदेश के साथ और इंदौर में भी याद कर रहा था उसी दिन महिला नेत्री सरवर खान, शकुंतला बड़े, सुनन्दा बेलसार को सम्मानित किया। मोहन मेहरा, संतोष यादव, सुदामा चौधरी, सैयद युसूफ अली, नियाजुद्दीन अंसारी, मोनिक मालवीय, मोहन खलीफा, विद्याभूषण मिश्र, सुनंदा बेलसर, देवीलाल लश्करी, उमाशंकर रायकवार, मुकेश शाह, अजय यादव, मेहमूद पठान मौजूद थे।

# जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की जल समस्या पर बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर में उत्पन्न भीषम जल संकट और पेयजल आपूर्ति को लेकर रेसीडेंसी कोठी में कल वरिष्ठ अधिकारी अनुपम राजन के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और अन्य प्रशासनिक



अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। टैंकरों की संख्या बढ़ाने और समयबद्ध जल आपूर्ति हो इस पर चर्चा की गई। जल विभाग और संबंधित अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए कि जनता अगर पानी की शिकायत करती है तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए और जहां पानी की ज्यादा दिक्कत है वहां विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान जनप्रतिनिधि, सांसद, महापौर, विधायक बैठक में मौजूद रहे। महापौर ने इंदौर में जल आपूर्ति के लिए बड़े बजट की स्वीकृति की बात भी कही।

# दादा बने पूर्व विधायक पटेल



इंदौर। पूर्व विधायक विशाल पटेल के पुत्र मंथन पटेल को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई और इस तरह पूर्व विधायक को दादा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# एमआईसी सदस्य ने बनाई चाय



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विश्व चाय दिवस पर कल एमआईसी सदस्य-पार्षद राजेश उदावत ने पलासिया में महेश जोशी की दुकान पर चाय बनाई और सोशल मीडिया पर चित्र वायरल किया।

## तीसरी बार स्मार्ट सिटी कंपनी ने लगाई ताकत

# एमओजी लाइन के प्लाट बेचने की फिर कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा एमओजी लाइन के रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत विकसित किए गए प्लाट बेचने के लिए फिर से एक बार कोशिश की जा रही है। लगातार तीसरी बार इन प्लाट को बेचने के लिए ताकत लगाई गई है। इस कार्य में स्मार्ट सिटी कंपनी को अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।

भारत सरकार के द्वारा मंजूर किया गया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इंदौर नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा स्मार्ट सिटी के लिए चिन्हित किए गए क्षेत्र में विकास कार्य कराए गए। इन विकास कार्यों के माध्यम से इस क्षेत्र को स्मार्ट क्षेत्र के रूप में तब्दील करने का काम किया गया। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत भी डेवलपमेंट के लिए भी एक क्षेत्र का चिंहांकन किया जाना था। इंदौर में लाबरिया भेरू के पास के एम ओ जी लाइन क्षेत्र को रीडिवेलपमेंट के लिए चिन्हित किया गया था। इस क्षेत्र में मौजूद तमाम सरकारी जमीनों के निर्माण तोड़कर जमीन को समतल भू भाग के रूप में तब्दील किया गया। उसके बाद में इस जमीन पर प्लाट काटकर उनके विक्रय करने का काम शुरू किया गया। इस कोशिश में जब कोई प्लाट नहीं बिके तो फिर राज्य सरकार के स्तर पर इस योजना का पुनरावलोकन किया गया। प्रदेश के नगरी प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के निर्देश पर इस क्षेत्र में बनाए गए बड़े-बड़े प्लाट के स्थान पर प्लाट के आकार को छोटा करते हुए नए सिरे से साइट प्लान बनाकर तैयार किया गया। इस नए साइट प्लान में प्लाट के आकार को छोटा किया गया ताकि उनका विक्रय आसानी से हो सकें।

इन तमाम कोशिश के बाद प्लाट का आकार छोटा करते हुए उनके विक्रय की प्रक्रिया को शुरू किया गया लेकिन इस बार भी स्मार्ट सिटी कंपनी को सफलता नहीं मिल सकी। दो बार कोशिश कर ली गई लेकिन एक भी प्लाट नहीं बिका है। अब स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा की गई है। इसके तहत पांच प्लांट का विक्रय करने के लिए खरीदने के इच्छुक लोगों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। स्मार्ट सिटी कंपनी ने इन पांच प्लाट में से दो प्लाट के विक्रय का न्यूनतम मूल्य 36.39 करोड रुपए तय किया है जबकि दो अन्य बड़े प्लाट का मूल्य 36.73 करोड़ निश्चित किया गया है। उसके साथ छोटा प्लाट 4.11 करोड़ का रखा गया है।

## हालात-ए- गणतंत्र

धन्यवाद,
सीजेआई सूर्यकांत जी
दिल से साष्टांग प्रणाम
आदरणीय
आपके दो शब्द
एक काकरोच ने देश में भूचाल ला दिया
कितने दिन रहता है पता नही
कुचक्र ना चले तो
जज्बात ज़िंदा रहे काकरोंचों के
आपकी भाषा में
आपने देश युवाओं को काकरोच की
संज्ञा देकर जो
इगो हट किया वह
देश के लिए अमृत के सामान है
मुर्दा युवाओं में आपने जान फूंक दी
वास्तव में आपने देश के युवाओं
को काकरोच बोलकर सही बोला था
जो सही था
बल्कि देश का युवा कीड़े मकोड़े की
गिनती में आ गया था
कहीं कोई सुनवाई नही
ना नौकरी ना धंधा
बेरोजगार
दूसरा शब्द भी अहम जो
सो फ़ीसद सच है
परजीवी
यह शब्द आपकी
राष्ट्र भक्ति का प्रमाण है
परजीवी वे है
फ्री की योजना पर पल रहे है
मक्कार राजनेताओं की
वोट कबाडू नीति पर
प्रहार है
और कड़ा प्रहार है
पुनः धन्यवाद सूर्यकांत जी

**- नकुल रतन पाटोदी**
**9926700088**

# निगम का गया जर्जर और खतरनाक मकानों पर ध्यान

## दूसरी तरफ लगाई तालाबों, जल स्त्रोतों एवं उनसे जुड़ी चैनल सफाई पर निगाह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बरसात के पूर्व नगर निगम जर्जर और खतरनाक भवनों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करता है, अगले माह से मानसून इन्दौर पहुंचेगा और निगम ने कुछ दिन पूर्व खतरनाक भवनों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई शुरू की है। निगम ने दूसरा लक्ष्य वर्षा पूर्व सभी तालाबों, जल स्त्रोतों एवं उनसे जुड़ी चैनल सफाई अभियान का रखा है।

इन दोनों मुद्दों पर निगम आयुक्त सिंघल ने बरसात के पूर्व अधिकारी सजग रहे इसके लिए अधिकारियों की बैठक ली और सभी वाटर बॉडी एवं उनकी चैनलों की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित भवन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सिंघल ने कहा कि वर्षा पूर्व सभी तालाबों, जल स्त्रोतों एवं उनसे



जुड़ी चैनलों का विस्तृत निरीक्षण किया जाए तथा यदि कहीं भी अवैध अतिक्रमण या चैनल में पानी आने पर अवरोध पाया जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा जल निकासी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके और जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। आयुक्त सिंघल ने सभी भवन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्षाकाल से पूर्व शहर में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जर्जर भवनों को समय रहते हटाना आवश्यक है। भवन अधिकारियों ने शहरभर में जर्जर और खतरनाक भवन का निरीक्षण शुरू कर रखा है। इसके अलावा तालाब और जलस्त्रोत के सर्वे भी किए जा चुके है और वहां के 15 अतिक्रमण चिन्हित हो चुके है और दो अतिक्रमण हटाए भी जा चुके है और 5 अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रगति पर है। 2 जर्जर भवन निगम द्वारा हटाए गए हैं, वहीं 3 जर्जर भवनों को भवन स्वामियों द्वारा स्वयं हटाया गया है। शेष जर्जर भवनों को हटाने की कार्यवाही जारी है।

## शिक्षा विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शिक्षा विभाग शिक्षको के लंबित प्रकरणों को हल करने के लिए 25 से 30 मई तक नवीन मालव कन्या विद्यालय महूनाका मे शिविर आयोजित कर रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी डा.शांतास्वामी भार्गव ने बताया कि पहले सिर्फ इंदौर ब्लाक के कर्मचारियों के समस्त प्रकरणों को लिया जायेगा उसके बाद दुसरे ब्लाकों के लिए भी शिविर लगाये जायेगें। शिविर का समय सुबह10.30 से शाम 5.30 तक रहेगा।

# पीएम की ऊर्जा बचत अपील को मुंह चिढ़ा रही 24 घंटे जलने वाली स्ट्रीट लाइट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से और शासकीय संस्थाओं से यह अपील की है कि वह ऊर्जा बचत के लिए काम करें साथ ही वर्तमान में जो ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है उसमें कटौती करते हुए ऊर्जा की बचत की जाए लेकिन इंदौर की सड़कों पर इससे उलट हो रहा है। यहां 24 घंटे स्ट्रीट लाइट जल रही है जो कि पीएम की इस अपील को मुंह चिढ़ा रही है। कई प्रयासों के बाद भी स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलना बंद नहीं हुई। जबकि इसके लिए विद्युत विभाग और नगर निगम दोनों मिलकर काम कर रहे हैं, वही जिम्मेदार अफसर रिमोट से स्ट्रीट लाइट बंद और चालू करने की तकनीक पर प्रेजेंटेशन देने में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर 24 घंटे जलने वाली इन स्ट्रीट लाइटों के कारण नगर निगम का बिजली बिल 10 से 12% बढ़ा हुआ है यदि इस पर काम किया जाए तो नगर निगम को बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

स्कीम नंबर 78 न्यू लोहा मंडी में लगी सैकड़ो स्ट्रीट लाइट है आप 43 डिग्री तापमान में जलती हुई देख सकते हैं। यह लाइट सूरज को दिया दिखाने का काम दिन में करती है। इन लाइटों से ऊर्जा की बर्बादी हो रही है और नगर निगम का बिल बढ़ रहा है, इसके अलावा बीआरटीएस, मेदांता हॉस्पिटल रोड, सत्य साईं चौराहे से मुंबई हॉस्पिटल वाली सड़क पर स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलती हुई देखी जा सकती है। पूरे इंदौर शहर की बात की जाए तो लगभग ऐसी स्ट्रीट लाइटों की संख्या 20 हजार होगी। जिसका प्रतिमास बिजली बिल 15 से 20 लख रुपए हो सकता है।

मामले में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि 24 घंटे जलने वाली स्ट्रीट लाइटों को बंद करने के लिए नगर निगम स्काडा सिस्टम योजना को ला रहा है, जिसके माध्यम से स्ट्रीट लाइट केवल एक बटन और क्लिक पर बंद और चालू हो जाएगी। यह सिस्टम अभी देश के बड़े महानगरों में काम कर रहा है हम इसके प्रेक्टिकल अनुभव और टेस्टिंग पर काम कर रहे हैं। इंदौर में लगभग 100000 से अधिक स्ट्रीट लाइट पोल है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह नगर निगम के कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर 24 घंटे जलने वाली स्ट्रीट लाइटों को बंद करने का सिस्टम जल्द लागू करें, हमें उम्मीद है कि आने वाले 6 माह में इंदौर में 24 घंटे जलने वाली स्ट्रीट लाइटों की समस्या खत्म हो जाएगी। जिसका फायदा ऊर्जा बचत के साथ ही नगर निगम के विद्युत बिल में भी 15 से 20 लाख रुपए प्रति माह की कमी हो सकती है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि विद्युत विभाग को आगामी बारिश की तैयारी को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। शहर की सभी स्ट्रीट लाइट रात के समय चालू होनी चाहिए बारिश के दौरान विद्युत सप्लाई और ट्रिपिंग की समस्या कम होनी चाहिए। नगर निगम को मानसून के दौरान चलने वाली आंधी तूफान के लिए अभी से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों को अन्य विभागों जैसे उद्यान से समन्वय कर संसाधन जुटाने के निर्देश दिए हैं। मानसून की हवाएं शुरू होने के बाद से ही लगातार पेड़ गिरने की समस्या सामने आती है। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नगर निगम की यह स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलती है, जिसको बंद होना चाहिए। दिन के उजाले में स्ट्रीट लाइट जलने का कोई औचित्य नहीं है, शहर में जहां भी इस तरह की लाइट जल रही है उन्हें तत्काल बंद करने की कार्रवाई की जानी चाहिए। एक ओर सभी ऊर्जा की बचत करने में जुटे हुए हैं वहीं इस तरह से ऊर्जा की बर्बादी ठीक नहीं है इंदौर शहर में कई सालों से यह समस्या बनी हुई है जिसके लिए विद्युत विभाग और नगर निगम जिम्मेदार हैं दोनों को मिलकर काम करना होगा।

# कृष्ण जन्मोत्सव में भक्ति गीत और झांकियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



मौनी बाबा आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का रसपान व्यासपीठ से चरितार्थ किया गया, भक्ति गीत भी गाए गए और झांकियां भी जीवंत प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कई संत दादू महाराज, महंत बद्रीशरणदास महाराज, स्वामी कृष्ण प्रेम, रामजी महाराज, रंजित मौर्य, नागेश्वर शास्त्री के अलावा पूर्व विधायक संजय शुक्ला, प्रेम विजयवर्गीय, हरीश विजयवर्गीय, धनसिंह पहलवान, सुषमा पटेल, कोमल यादव, निशा यादव, राधा राठौर, राजू ठाकुर, मुन्ना साहू, आदित्य पाण्डे, वृंदा गौड़ सहित अन्य मौजूद थे।

# वेंकटेश भगवान का होगा आमों से अभिषेक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम्, विद्या पैलेस, एरोड्रम रोड पर इस आम के सीजन में भगवान वेंकटेश का 24 मई की सुबह 9 बजे से आमों से अभिषेक होगा। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, नितिन तापड़िया ने बताया कि युवराज यतीन्द्राचार्य महाराज का सानिध्य मिलेगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। अलग-अलग तरह के 100 किलो आम का इस अभिषेक में उपयोग होगा उसके बाद 7 नदियों के जल से भगवान का स्नान भी होगा, जिसमें दूध, दही, केसर, शहद का उपयोग भी होगा। हरिकिशन साबू भजनों की प्रस्तुति भी देंगे। स्वामी यतीन्द्राचार्य के आशीर्वचन भी होंगे और आरती, गोष्ठी प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

# वैश्य महिलाएं करेंगी गौसेवा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** म.प्र. वैश्य महिला महासंगठन द्वारा इस पुरुषोत्तम मास में विद्वान पंडितों की मौजूदगी में विधि विधान से गौसेवा के अन्तर्गत पूजा, अर्चना, आरती का आयोजन 31 मई की सुबह 8 बजे से अहिल्या माता गौशाला केसरबाग रोड में किया जाएगा। दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि सभी महिला सदस्य पारंपरिक वस्त्र में आकर विधि-विधान से पूजा कर गौ-माता का आशीर्वाद लेगी एवं पानी बचाने और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की शपथ लेंगी। कई राजनेताओं और वैश्य समाजजनों को भी इस आयोजन में आमंत्रित किया गया है। आयोजन में राजेश बंसल, हरीश गुप्ता, किरण प्रवीण मुरारका, सुनीता नंदकिशोर कंदोई, अंजू रानू अग्रवाल, मुक्ति गोपाल अग्रवाल सहित अन्य भी मौजूद रहेंगे।

# ज्योतिष महोत्सव का भगवान को निमंत्रण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ज्योतिष वास्तु महोत्सव एवं देवज्ञ सम्मान समारोह का आयोजन 1 और 2 जून को माँ भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्थान के तत्वावधान में किया जाना है। इसमें देश-विदेश और इंदौर के 350 से अधिक विद्वान दो दिनों तक शामिल होंगे। आयोजन को लेकर अलग-अलग भगवानों को निमंत्रण दिया जा रहा है। संतोष भार्गव, रामचन्द्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



# बाबा रामदेव का जम्मा जागरण कल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बाबा रामदेव प्रेरणा सत्संग समिति गौराकुंड द्वारा बाबा रामदेव का जम्मा जागरण आयोजन कल 23 मई शनिवार की रात 9 बजे से क्लाथ मार्केट कॉलेज गणेशगंज बड़ा गणपति पर किया जाएगा। अशोक राठौर ने बताया कि इसकी प्रस्तुति सुशील गोपाल बजाज द्वारा दी जाएगी। बाबा रामदेव से जुड़े श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

# तीन दिवसीय योग साधना सत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



सत्यनंद योग परम्परा के प्रचार-प्रसार और योग साधना के वास्तविक स्वरूप को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तीन दिवसीय योग साधना सत्र अध्यात्म में प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल ऑफ योगा के कार्यक्रम अभय प्रशाल में किया जा रहा है। स्वामी निरंजनानन्दा सरस्वती की मौजूदगी भी रही। यह योग आयोजन दो सत्रों में सुबह 6.30 से और शाम 6 बजे से आयोजित हो रहा है। सुनील त्रिवेदी ने बताया कि आयोजन पूरी तरह निःशुल्क है।

# प्रशिक्षण कॉलेज में विशेष ध्यान सत्र



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में हार्टफुलनेस विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में पीटीसी के अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षु नव आरक्षक भी शामिल रहे। हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ध्यान व्यक्ति के मानसिक संतुलन, आत्मनियंत्रण एवं सकारात्मक चिंतन को सुदृढ़ करता है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने अपने उद्बोधन में ध्यान को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्थान के केंद्रीय समन्वयक गजेंद्र एवं उनकी टीम भी उपस्थित रही।

# भीषण गर्मी में तीन दिनों में ही 4.60 करोड़ यूनिट बिजली खपत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान होने से मई के तीसरे सप्ताह में बिजली की भारी मांग की स्थिति बनी हुई है। इंदौर शहर मे पहली बार बिजली मांग सवा सात सौ मैगावाट के पार रही। स्थिति यह हैं कि मध्यरात बारह बजे भी बिजली मांग साढ़े छः सौ मैगावाट से ज्यादा दर्ज हो रही है। इस समय शत प्रतिशत बाजार एवं करीब 90 प्रतिशत उद्योग बंद हो जाते हैं, ऐसे में स्पष्ट हैं कि घरेलू बिजली मांग सर्वोच्च स्तर की है। सोमवार, मंगलवार, बुधवार तीन दिनों में ही शहर की बिजली खपत चार करोड़ साठ लाख यूनिट दर्ज हुई। मई में अनुमान हैं कि कुल खपत इकतालिस करोड़ यूनिट के पार कर जाएगी।

# सिंधी समाजजनों ने दी संत को श्रद्धांजलि

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्वामी प्रीतमदास सभागृह में कल संत शिरोमणि साईं सधाराम के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। संत के जीवन पर प्रकाश डाला गया। पंकज फतेहचंदानी, नरेश फुंदवानी, डॉ. एच वाधवानी, राजेन्द्र सचदेव, अजय शिवानी, लालचंद छाबड़ा, कन्हैयालाल खत्री, अनिल असरानी, सुरेश गेरा, सुरेन्द्र लछवानी, नन्दलाल कथुरिया, राम मंगलानी, त्रिलोक गुलानी, अनिल फतेहचंदानी, देवा तेजवानी, राजकुमार लालवानी, भागचंद पुरस्वानी सहित अन्य मौजूद थे।

# महिला आरक्षण के लिए मातृशक्तियों को तैयार करना होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला का कल समापन हो गया। समापन के पूर्व मेजर जनरल डॉ. माधुरी कानिटकर ने कहा है कि देश में महिला आरक्षण लागू होने से पहले महिलाओं को इस व्यवस्था के लिए तैयार करना समाज की जिम्मेदारी है। यदि हमारे देश में हम महिलाओं के हाथ में अर्थव्यवस्था दें तो भारत की जीडीपी उछाल मारेगी। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी, ग्रीष्मा त्रिवेदी, पल्लवी अढ़ाव, रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, शिवाजी मोहिते, वैशाली खरे, विनय जैन, पुरुषोत्तम बागमारे, निधि श्रीवास और हर्ष चंदरिया सहित अन्य मौजूद थे।



# पोषण पुनर्वास केन्द्रों का निरीक्षण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की समय पर पहचान एवं प्रबंधन संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य तथा पोषण सेवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। शिशु व मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इस उद्देश्य से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी तथा महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा द्वारा गत दिवस एन.आर.सी. महू तथा मानपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सकीय देखभाल की विस्तृत समीक्षा की। दोनों पोषण पुनर्वास केंद्रों पर कुल 22 बच्चे थे, जिसमें 15 मानपुर एवं 07 महू एनआरसी के थे।

# समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक कल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक कल 23 मई को पूर्वाह्न 11 बजे जाल सभागृह में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों के सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में समिति के सदस्य शत्रुघन सिंह (सेवानिवृत्त भा.प्र.से.), अनूप नायर (कानूनविद), गोपाल शर्मा (शिक्षाविद) और बुधपाल सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) मौजूद रहेंगे।



## मठ में जारी है पारायण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 108 विद्वानों द्वारा महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 108 श्रीमद भागवत पारायण क़ा आयोजन सुबह और शाम को किया जा रहा है। ब्राह्मण और संतों के भोजन की व्यवस्था भी जारी है।

# ब्रिक्स देशों के युवा उद्यमियों ने विचार-विमर्श किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ब्रिक्स युवा परिषद उद्यमिता कार्य समूह की बैठक इंदौर में दो दिनों तक चली चर्चाओं, सहयोगात्मक गतिविधियों और ज्ञान-साझाकरण सत्रों के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच उद्यमिता सहयोग को मजबूत करना था। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया (वर्चुअल रूप से), युवा मामले एवं खेल



राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, युवा मामले विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल, युवा मामले विभाग के अपर सचिव नितेशकुमार मिश्रा, युवा मामले विभाग की निदेशक डॉ. सारा जयल सॉकमी, युवा मामले विभाग के उप सचिव राजेश कुमार कनौजिया और ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दिव्य चैतन्य ध्यान सेशन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** योगी मनोज गर्ग योग टेंपल आयुर्वेद पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी क्लिनिक द्वारा 24 मई रविवार को प्रातः 7:45 बजे से 13 साजननगर नवलखा स्थित सेंटर पर दिव्य चेतन ध्यान सेशन का आयोजन किया जाएगा।



## संस्था ने किया पिकनिक आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सफलता एक प्रयास द्वारा महिलाओं व छात्राओं को पिकनिक स्पॉट पर ले जाया गया इंदौर संस्था सफलता एक प्रयास द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को नखराली ढाणी पिकनिक स्पॉट पर घूमने के लिए ले जाया गया।

## मीडियाकर्मी बीमा पालिसी क्लब से ले सकते है

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा कराए गए 5 लाख के दुर्घटना बीमा की पॉलिसी प्रेस क्लब कार्यालय में अशोक गौड़ से प्राप्त की जा सकती है। जिन सदस्यों ने अपनी पॉलिसी प्राप्त नहीं की है वे कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने उक्त जानकारी दी।

# जैन मंदिर में मुनि के प्रवचन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



उदय नगर जैन मंदिर के प्रांगण में मुनि विमल सागर म.सा. ने अपने सार्थक प्रयास में हमारा शास्त्र चार अनुयोगों में बंटा हुआ है। हम किसी भी एक योग को गौण नहीं कर सकते। इनमें प्रथमानुयोग- इसमें कथा व चरित्र के बारे में बताया गया है, करुणानुयोग- इसमें कर्म व लोक सिद्धांत का वर्णन है, चरणानुयोग- इसमें श्रावकों और मुनियों के आचार- विचार, दैनिक दिनचर्या व्रतों और नियमों का वर्णन है, द्रव्यानुयोग- इसमें आत्मा, 6 द्रव्यों और सात तत्वों का वर्णन है। जैन दर्शन के अनुसार इन चारों अनुयोगों के माध्यम से ही जीव अपना जीवन सुधार कर आत्म कल्याण और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।

# ओसवाल जैन साजना साथ महिला संघ का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री ओसवाल जैन साजना साथ महिला संघ का कार्यक्रम प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। इस वर्ष किए जाने वाले सामाजिक कार्यों, मानव सेवा गतिविधियों एवं प्रस्तावित यात्राओं



की विस्तृत जानकारी सदस्यों को प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं को समाज से जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित 'समर क्वीन' प्रतियोगिता में अनिता पामेचा, किरण सिरोलिया एवं सरप्राइज में रेणुका विजेता रही जिनको पुरस्कृत किया गया। कल्पना-धर्मेन्द्र पटवा, कांतारानी भटेवरा, शांता भामावत, निर्मला कटारिया, वनमाला कोठारी, शोभा सिंघवी, बीना बंबोरिया, मंजू मेहता मौजूद थे।



## 10 दिवसीय थियेटर वर्कशॉप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निशांत सांस्कृतिक मंच द्वारा लालाराम नगर निजी स्कूल में बच्चों को दस दिनों तक थियेटर वर्कशाप में बारीकियां सिखाई जा रही है। प्रमोद नामदेव, शिवांगी ने बताया कि समापन पर यह विद्यार्थी नाटकों की प्रस्तुति देंगे।

## हनुमत महायज्ञ के लिए आज शाम कलशयात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर पंचकुंडीय श्रीहनुमत महायज्ञ, श्रीराम कथा का आयोजन किया जाना है। आयोजन के पहले आज शाम 4 बजे फूटी कोठी से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

## लक्ष्मीनारायण जयघोष के साथ अब तक 5100 आहुतियाँ



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विद्याधाम मंदिर पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में अब तक 5100 आहुतियाँ श्रद्धालुओं द्वारा अर्पण की जा चुकी है। महायज्ञ में 11 यजमान एवं 11 विद्वान प्रतिदिन आहुतियाँ समर्पित कर रहे हैं। आयोजन 15 जून तक चलेगा। आश्रम पर 25 मई को गंगा दशहरा महोत्सव भी मनाया जाएगा। 26 मई से 11 जून तक भागवत का मूल पारायण भी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।



## बिजासन माता मंदिर के बंद सुविधाघर से श्रद्धालुओं को असुविधा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विमानतल रोड स्थित बिजासन माता मंदिर परिसर का सार्वजनिक सुविधाघर बंद है।इसके कारण यहाँ आने वाले श्रद्धालुओ को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है बीते कई दिनों से यह बंद पड़ा हैं।

# कल से गोदा रंगनाथ विवाह और कल्याण महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माहेश्वरी डिडवाना महिला मंडल द्वारा लक्ष्मी वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में दो दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह एवं कल्याण महोत्सव का आयोजन पुरुषोत्तम मास के अन्तर्गत कल 23 और 24 मई को किया जाएगा। कल मेंहदी, हल्दी, बत्तीसी एवं मायरे का आयोजन वहीं 24 मई को ठाकुरजी का विवाह उत्सव आयोजित होगा। ठाकुरजी दूल्हा बनेंगे और भक्त बारात में शामिल होंगे। श्रृंगार, पुष्प सेवा, गोष्ठी महाप्रसादी के आयोजन भी होंगे। कल शाम कल्याण उत्सव शुरू होगा, जो 24 मई की शाम तक चलेगा और द्वारका मंत्री की भजन संध्या के साथ आयोजन समाप्त होगा। आयोजन से आशा सिंगी, ज्योति मुछाल, सविता भांगड़िया, प्रियंका भलिका, सीमा लालवत, नेहा भलिका अन्य माहेश्वरी मातृशक्तियां डिडवाना मंडल की जुड़ी हुई है।

# न्यू गांधी पैलेस के पास नामदेव मंदिर से लेकर व्यास नगर डीपी तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

## तीन बार टेंडर प्रक्रिया के बाद अब निगम की चौथी बार सड़क निर्माण की तैयारी




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जोन 16 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक में स्थित न्यू गांधी पैलेस के पास नामदेव मंदिर से व्यास नगर डीपी तक क्षेत्र के रहवासियों को अगले माह मानसून सीजन शुरू होने से पहले बेहद जल्द नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम ने अपनी ओर से निविदा जारी कर तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां करीब 40 लाख रुपए के आसपास खर्चकर क्षेत्र के रहवासी परिवारों को बारिश से पहले नई सीमेंट सड़क की सौगात देने की तैयारी शुरू कर दी है।

बारिश से पहले नई सड़क निर्माण से लोगों को मिलेंगी कीचड़ और गंदगी से राहत- वहीं बड़ी बात यह है कि बारिश शुरू होने से पहले निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर लंबे समय के बाद लोगों को राहत देने के लिए सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा चौथी बार निविदा जारी कर टेंडर प्रक्रिया एक बार फिर से शुरू कर ठेकेदार की तलाश की जा रही है ताकि बारिश से पहले यहां काम हो जाए ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी ना हो।

गौरतलब है कि अभी स्थिति यह है कि हर साल बारिश के दिनों में लोगों को यहां से गाड़ियों से तो क्या पैदल चलने तक में भारी दिक्कत होती है। लोगों की इसी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से अटकी यहां की फाइल मंजूर करवाकर काम शुरू करने के लिए कमर कस ली है। विश्व उम्मीद की जा रही है कि अगले माह में जल्द से जल्द काम शुरू हो जाएगा।



# अब नई लाइटिंग लगाकर होगी जगमगाहट

**आकर्षक सजावटी रिंग पोल लगाकर सफेद मंदिर से ज्ञानसिंह प्रतिमा तक होगा रोशनी का काम**

**इंदौर।** विधानसभा 2 के अंतर्गत सफेद मंदिर से लेकर आईटीआई स्क्वायर तक लंबे समय से बड़े हिस्से की बंद सेंट्रल लाइटिंग की बजाय अब निगम यहां नई लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करेगा। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा कनकेश्वरी देवी मंदिर से ज्ञान सिंह प्रतिमा चौराहे तक रोशनी के लिए यहां लाखों रुपए खर्च कर नई डिजाइन वाले आकर्षक सजावटी रिंग पोल लगाकर रोशनी की जाएगी। जिसको लेकर क्षेत्रीय रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रयास कर निगम से यहां की फाइल मंजूर करवाकर अब यहां आने वाले दिनों में विशेष रोशनी की व्यवस्था कर जगमगाहट करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके तहत क्षेत्र में लंबे समय से केबल और लाइटिंग खराबी की वजह से बंद पड़ी सेंट्रल लाइटिंग की बजाय आकर्षक डिजाइन वाली रिंग, पोल वाली लाइटिंग लगाने की तैयारी है।

# जनता कॉलोनी की जनता का जल संकट अब होगा दूर

## निगम क्षेत्र में 110 मिलीमीटर व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन डालकर पानी की समस्या का करेगा निदान

**इंदौर।** बड़ा गणपति क्षेत्र में जनता कॉलोनी के रहवासियों का जल संकट अब आने वाले दिनों में दूर होने वाला है। जिसके लिए निगम क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर जनता कॉलोनी के मकान नंबर 215 से 234 तक के बड़े हिस्से में नवीन एचडीपीई पाइपलाइन और 110 मिली मीटर व्यास की नई पानी की लाइन डालकर क्षेत्र के लोगों का सालों पुराना लंबे समय का जल संकट अब दूर होने जा रहा है। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है और बकायदा इसके लिए निविदा भी जारी हो गई है। कहां जा रहा है क्या आने वाले दिनों में बेहद जल्द नई पाइपलाइन डालकर निगम द्वारा इस क्षेत्र का सालों पुराना जल संकट दूर किया जाएगा। लोगों को नर्मदा के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**बोरिंग और टैंकरों के नहीं रहना पड़ेगा लोगों को भरोसे-** यही नहीं नई एसडीपीआई वाली 110 मिली व्यास की नई नर्मदा लाइन डालने से बड़ा फायदा यह होगा कि क्षेत्र के लोगों को आने वाले दिनों में निगम के टैंकर और क्षेत्र के बोरिंग के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। साथ ही घर-घर नर्मदा लाइन होने से लोगों को नर्मदा का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेंगी।

# जल भराव की समस्या से मिलेगी मुक्ति

***वार्ड 49 के अंतर्गत योग केंद्र से तिलकनगर एक्सटेंशन तक 45 लाख रु. करेगा निगम खर्च सड़क का भी होगा नवनिर्माण***

**इंदौर।** विधानसभा 5 में वार्ड क्रमांक 49 के अंतर्गत योग केंद्र से लेकर तिलक नगर एक्सटेंशन गार्डन तक के बड़े हिस्से में अब क्षेत्र के लोगों को आने वाले दिनों में जल भराव की समस्या से पूरी तरह से मुक्ति मिलने वाली है। जिसके लिए नगर निगम क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी मेंबर राजेश उदावत के लगातार प्रयासों से अब आने वाले दिनों में लगभग 45 लाख रुपए के आसपास खर्चकर क्षेत्र में जल भराव से बचाव के साथ नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण भी करेगा। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को बारिश के दिनों में तिलक नगर एक्सटेंशन गार्डन और योग केंद्र के आसपास जल भराव की शिकायत से भी राहत मिलने वाली है। साथ ही नई सीमेंटेड सड़क निर्माण की सौगात भी मिल रही है।

### लंबे समय से लोग कर रहे थे मांग अब होंगे एक साथ दो काम पूरे

वहीं बड़ी बात यह है कि तिलक नगर एक्सटेंशन और आसपास के रहवासी लंबे समय से बारिश के दिनों में उबड़-खाबड़ सड़क और बेहतर जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से गार्डन के आसपास जल जमाव की समस्या से परेशान हो रहे थे। वहीं पार्षद उदावत द्वारा इसको लेकर तारीख की मंजूरी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसके बाद अब जाकर यहां की फाइल मंजूरी के बाद निगम ने जल भराव से बचाव के लिए समतलीकरण के कार्य करने के साथ नवीन सड़क निर्माण को लेकर निविदा जारी की है। इसके अंतर्गत इस काम पर निगम 44 लाख 94 हजार रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। साथ ही अगले माह की शुरुआत में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया के बाद यहां काम भी शुरू करवा दिया जाएगा जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है।

# आधा दर्जन कालोनी वालों को मिलेगी कीचड़ से राहत

## प्रिंसनगर, अंजलि नगर के लोग होते हैं परेशान

**इंदौर।** जोन 17 के अंतर्गत प्रिंस नगर, अंजनी नगर, रोशन बाग, पुष्प नगर, न्यू प्रिंस नगर और कमल केसर नगर सहित आधा दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों से जुड़ी मुख्य सड़क और गलियों में कूड़ा-मलबा और गंदगी की सफाई के बाद नई सीमेंट कंक्रीट की सड़क का निर्माण निगम करेगा। हजारों रहवासी परिवारों को बारिश का मौसम शुरू होने से पहले कीचड़ और गंदगी से रहवासियों को राहत मिलेगी। यही नहीं इस कार्य पर नगर निगम करीब 21 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। जिसके लिए बकायदा टेंडर संबधित निविदा भी जारी हो चुकी



है। साथ ही जल्द काम भी शुरू होने वाला है।

जबकि अभी हालत यह है कि प्रिंस नगर अंजनी नगर सहित आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों में लंबे समय से मुख्य सड़क से लेकर भीतर की गालियों से जुडी अन्य सड़कों की भी हालत खराब है। जिससे यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों के साथ यहां के रहवासी परिवारों को भी खासकर बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं अब निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लाइनों की सफाई के साथ क्षेत्र से कूड़ा-मलबा और गंदगी की सफाई करवाकर क्षेत्र के रहवासियों के लिए आने वाले दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नई चमचमाती सीमेंटेड सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

## संपादकीय

### भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को नया विस्तार, व्यापार से रक्षा और एआई तक बढ़ा सहयोग

अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा। इस दौर में वैश्विक स्तर पर कई तरह की नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक अहम अध्याय के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, दोनों देशों ने वर्ष 2029 तक अपने बीच होने वाले व्यापार को नई ऊंचाई देने का एक महत्त्वपूर्ण संकल्प लिया है। यों कुछ समय पहले भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते ने एक नई जमीन रची थी, लेकिन अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा। इसके अलावा रणनीतिक साझेदारी पर भी अहम समझौतों के साथ रक्षा, व्यापार और नवाचार से लेकर अन्य कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के कदम बढ़ते दिख रहे हैं। मगर यह धरातल पर कितना उतरेगा, अभी कहना मुश्किल है। उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक स्तर पर बदलते समीकरणों के बीच रक्षा तथा आर्थिक संबंध और समुद्री परिवहन में सहयोग बढ़ाने का संकल्प द्विपक्षीय संबंधों को नया विस्तार देगा। खासतौर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जो समझौते हुए हैं, वे भविष्य में हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। अगर ये जमीन पर उतरते हैं, तो इसे एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना जाएगा, जो शायद दोनों देशों के संबंधों को एक नए स्तर पर आगे ले जाए। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता से भी स्पष्ट है कि साझेदारी का दायरा बड़ा है। गौरतलब है कि इटली, यूरोपीय संघ में भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। रणनीतिक साझेदारी कई स्तरों पर बढ़ने जा रही है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा बनेगी और दोनों देश संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए साझा प्रयास करने पर दोनों देशों के बीच बनी सहमति वक्त की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि दोनों देश इसे व्यावहारिक स्तर पर कितना और कैसे लागू करते हैं। भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं।

# भिंड की रंजिश का इंदौर में खूनी अंत

## रिंग रोड पर कार रोककर युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग, मौके पर ही मौत

**भाई की हत्या का बदला लेने इंदौर पहुंचे थे शूटर, रेकी कर गोलियों से भूना, कार में बैठा साथी घायल**

**इंदौर।** शहर के हाई-प्रोफाइल लसूडिया थाना क्षेत्र में बीती रात गैंगवार और रंजिश के चलते एक सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दिया गया। चंबल अंचल भिंड की पुरानी दुश्मनी का बदला लेने आए 4 से 5 हथियारबंद बदमाशों ने गुलाब बाग कॉलोनी के पास रिंग रोड पर एक कार को घेरा और उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दुस्साहसिक हमले में कार सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद शूटर मौके से फरार हो गए। इस हाई-प्रोफाइल मर्डर से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एसीपी पराग सैनी के मुताबिक, मृतक की पहचान अभि उर्फ अवि के रूप में हुई है, जो हाल ही में इंदौर के महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में आकर रहने लगा था। बीती रात अवि अपने एक दोस्त के साथ कार से रिंग रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने उसकी कार का पीछा करना शुरू किया। गुलाब बाग कॉलोनी के समीप रास्ता ब्लॉक कर बदमाशों ने कार को जबरन रोका और बिना संभलने का मौका दिए बेहद करीब से कई राउंड फायर झोंक दिए। अचानक हुई इस गोलीबारी से रिंग रोड पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

### भिंड में हुई गुलशन की हत्या का बदला लेने रची साजिश

पुलिस की शुरुआती जांच में इस खूनी खेल के पीछे भिंड जिले की एक पुरानी रंजिश का होना सामने आया है। कुछ समय पहले भिंड में गुलशन नामक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उस हत्याकांड में मृतक अभि उर्फ अवि मुख्य आरोपियों में शामिल था और वह जेल भी जा चुका था। जेल से छूटने के बाद जान के खतरे को देखते हुए अवि इंदौर शिफ्ट हो गया था। लेकिन गुलशन की हत्या का बदला लेने के लिए बेताब विरोधी गुट गुलशन के भाइयों और साथियों को अवि के इंदौर के ठिकाने की भनक लग गई। आरोपियों ने इंदौर आकर कई दिनों तक अवि की गतिविधियों की रेकी की और बुधवार रात मौका मिलते ही उसे मौत के घाट उतार दिया। फायरिंग के दौरान कई गोलियां अवि के शरीर के आर-पार हो गईं, जिससे उसने कार की सीट पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, उसका साथी गोलियों के छर्रे और कांच लगने से घायल हुआ है, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल और एफएसएल की टीम मौके पर पहुँची। लसूडिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। एडिशनल डीसीपी के अनुसार, आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल और रिंग रोड पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शूटरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें संभावित ठिकानों और चंबल क्षेत्र के लिए रवाना कर दी गई हैं।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

## एम्बुलेंस न मिलने पर लोडिंग वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के 7 मिल के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद मौके पर एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजनों को घायलों लोडिंग वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा।

मृतक रामकिशन पिता नानकराम (19 ) निवासी पालदा अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक 7 मिल खुड़ैल के पास पहुंची, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के जीजा अनिल ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल रामकिशन और उसके साथी को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस का इंतजाम करने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो सकी। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने समय गंवाए बिना दोनों घायलों को एक लोडिंग वाहन में लादा और तत्काल अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रामकिशन को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसके साथी का इलाज जारी है। खुड़ैल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# भाई की बीमारी की खबर सुन इन्दौर आए शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर।** खंडवा जिले के पुनासा में कार्यरत एक शिक्षक की इंदौर में अपने बेटे के घर पर अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। शिक्षक अपने बीमार छोटे भाई की तबीयत देखने और उनसे मिलने के लिए इंदौर आए हुए थे। मृतक अशोक पिता मोतीलाल (56) निवासी पुनासा, खंडवा पेशे से शिक्षक थे। इंदौर के भंडारी अस्पताल में उनके छोटे भाई गंभीर बीमारी के चलते भर्ती हैं। भाई के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलने के बाद अशोक उनकी देखरेख और मुलाकात के लिए खंडवा से इंदौर आए थे। अस्पताल में भाई से मिलने के बाद शिक्षक अशोक कुमार इंदौर के स्कीम नंबर 134, खजराना स्थित अपने बेटे के निवास पर रुके हुए थे। इसी दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन जब तक उन्हें संभालते और चिकित्सीय सहायता मुहैया कराते, उन्हें गहरा साइलेंट हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर खजराना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 151300 | 159200 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 258000 | 274046 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# खेतों के ट्रांसफार्मर से तेल चुराते रंगेहाथ पकड़ाए बदमाश

**इंदौर।** गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गिरोता में खेतों की बिजली व्यवस्था ठप करने वाले तेल चोर गिरोह को ग्रामीणों ने रंगेहाथ धर दबोचा। आरोपी जंगल में लगे एक ट्रांसफार्मर से कीमती ऑयल चोरी कर रहे थे। हालांकि, नाम-पता पूछने के दौरान दोनों आरोपी ग्रामीणों को धक्का देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकले।

**ग्रामीणों को धक्का देकर अंधेरे का फायदा उठा भागे**

पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम गिरोता के जंगल में स्थित आमवाली डीप की है। ग्राम गिरोता निवासी फरियादी शंकर लाल उर्फ लाला पटेल पिता भंवरसिंह आंजना और गांव के अन्य लोग जब वहां से गुजर रहे थे, तो उन्हें ट्रांसफार्मर के पास संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। ग्रामीणों ने जब पास जाकर देखा तो दो बदमाश ट्रांसफार्मर से ऑयल चुरा रहे थे। सजग ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही रंगेहाथ पकड़ लिया। जब ग्रामीणों ने सख्ती से उनके नाम-पते पूछे, तो उन्होंने अपनी पहचान संतोष पिता गौरीशंकर चौहान निवासी जलवा, जिला उज्जैन और जितेन्द्र मकवाना पिता विक्रम निवासी गोदिया, जिला उज्जैन के रूप में बताई। पूछताछ चल ही रही थी कि दोनों बदमाश अचानक ग्रामीणों को जोरदार धक्का देकर खेत से अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। फरियादी शंकर लाल उर्फ लाला पटेल की शिकायत पर गौतमपुरा थाना पुलिस ने आरोपी संतोष चौहान और जितेन्द्र मकवाना के खिलाफ चोरी और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# गारमेंट्स दुकान में चोरी

## शटर उचकाकर आई फ़ोन, नकदी और कपड़े ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में माणिकबाग ब्रिज के नीचे स्थित एक रेडीमेड गारमेंट्स शोरूम को चोरों ने निशाना बनाया है। अज्ञात बदमाश दुकान के शटर पर लगे ताले तोड़कर भीतर दाखिल हुए और वहां से कीमती गारमेंट्स, आईफोन 17 सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गुरुनानक कॉलोनी अन्नपूर्णा निवासी हरीश पिता बंशीलाल कुकरेजा की माणिकबाग ब्रिज के नीचे मानव हाइट्स में एल एन कलेक्शन नाम से कपड़ों की दुकान है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने अपनी दुकान में रखे रेडीमेड कपड़ों के स्टॉक की गिनती की, तो उसमें से 56 नग गारमेंट्स कम मिले। इसके बाद जब दुकान की बारीकी से जांच की गई, तो चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। बदमाश दुकान का शटर उचकाकर अंदर घुसे थे। वे दुकान में रखे 56 पीस महंगे कपड़े समेटने के साथ ही वहां रखा एक आईफोन 17, उसका चार्जर, माइक और गल्ले में रखी करीब 10,000 रुपये की नकदी भी चुराकर ले गए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर जूनी इंदौर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास और मानव हाइट्स परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पेट्रोल डीजल के विक्रय के लिए पेट्रोल पंप संचालकों पर शिकंजा कसा अब किसी भी गाड़ी को भारी मात्रा में पेट्रोल डीजल देने पर करेंगे पूछताछ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोल और डीजल का संकट पैदा होना शुरू हो गया है। सरकार की ओर से व्यवस्था को संभालने की कोशिश की जा रही है। इसी बीच तेल कंपनियों के द्वारा पेट्रोल डीजल के विक्रय के लिए पेट्रोल पंप संचालकों पर शिकंजा कस दिया गया है। अब किसी भी गाड़ी को भारी मात्रा में पेट्रोल डीजल देने पर पंप संचालकों के द्वारा पूछताछ की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछले दिनों देश की जनता से पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करने और जहां तक हो सके वहां तक लोक परिवहन के साधन के माध्यम से आने जाने का काम करने की अपील की गई थी। जब यह अपील की गई थी उसे समय पर ही यह संकेत मिल गया था कि अब देश में पेट्रोल डीजल के संकट की स्थिति पैदा होने लगी है। सरकार संकट बताने के बजाय अभी नागरिकों से अपील कर रही है और आगे आने वाले समय में कुछ नए कठोर नियम कानून लागू किए जाएंगे। इस उम्मीद के अनुसार अब काम होना शुरू हो गया है।

विभिन्न तेल कंपनियों के द्वारा पेट्रोल पंप के संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है। इन कंपनियों के द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों से यह पूछा जाने लगा है कि आप पेट्रोल डीजल किन लोगों को बेच रहे हो और कितना बेच रहे हो। यह सवाल खास तौर पर इस संदर्भ में उठा है कि यदि किसी भी गाड़ी में 5000 से ज्यादा का पेट्रोल या डीजल भराया जाता है तो उस गाड़ी के संचालक से यह पूछा जाएगा कि आखिर इतना पेट्रोल डीजल भराने की आपको क्या जरूरत है।

तेल कंपनियों के द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को यह भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी हालत में आपको किसी भी गाड़ी को चाहे जितना पेट्रोल बेचने का काम नहीं करना है। सरकारी गाड़ियां है और ऐसी गाड़ियां जो की लंबी दूरी का सफर कर रही है और उनके द्वारा यदि पेट्रोल या डीजल भरवाया जाता है तो वह अलग बात है अन्यथा अधिक राशि का ईंधन भरवाने वालों को आपको रोकना और टोकना पड़ेगा।

## लायंस का कल से दो दिनों तक महाधिवेशन
### डायरेक्टर के चुनाव में इंदौरी भी दावेदार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लायंस क्लब का दो दिवसीय महाधिवेशन कल 23 मई और 24 मई को संगीत कला अकादमी स्कीम नं. 78 में आयोजित होगा। इस बड़े आयोजन के लिए आयोजन सिमिति का भी गठन किया गया है और जिम्मेदारी मनीष शाह, अनिल खंडेलवाल, जयप्रकाश त्रिपाठी, राजेन्द्र सोढानी, राम जाट, पीयुष गांधी को दी गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इंटरनेशनल डायरेक्टर का चुनाव भी इसमें आयोजित किया जाना है। 20 हजार सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। उमा झंवर, डॉ. विनिता कोठारी का सम्मान भी होगा। विदेशी हस्तियों का भी सम्मान किया जाएगा। चुनाव में इंदौर के डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की भी दावेदारी कर रहे हैं।

## इंदौर के युवा भी खंगाल रहे हैं काकरोच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

16 मई को काकरोच शब्द को लेकर काकरोच जनता पार्टी का गठन किया गया और देखते ही देखते करोड़ों युवा इन 6 दिनों में इस पार्टी से जुड़ गए। सोशल मीडिया पर यह काकरोच जनता पार्टी छाई हुई है। अभिजीत दीपके नामक इस युवक की 6 दिन में हुई प्रसिद्धि के बाद कुछ प्रतिबंध भी लगे है। बड़ी संख्या में युवा देश भर में इनसे जुड़े हैं, जिस तरह से जुड़ाव हुआ उस जुड़ाव में इंदौर के भी कई युवा शामिल हो गए हैं। भाजपा को छोड़कर कई राजनीतिक दल भी इस पर निगाह गढ़ाए हुए हैं। इस गठन से देशभर के कई भाजपा नेता परेशानी मेहसूस भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें इसके गठन की अच्छाई और बुराई को लिखी जा रही है।

# सिक्योरिटी गार्ड ने लगाई फांसी
## सुसाइड से पहले बनाया वीडियो, पत्नी और सास पर लगाए गंभीर आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के किबे कंपाउंड में एक सिक्योरिटी गार्ड ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले युवक ने अपने मोबाइल से एक भावुक और सनसनीखेज वीडियो रिकॉर्ड किया है। इस वीडियो में उसने अपनी पत्नी, सास और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की कड़ियों को खंगालना शुरू कर दिया है।**

मृतक की पहचान प्रवीण निगामा के रूप में हुई है, जो किबे कंपाउंड छोटी ग्वालटोली का निवासी था। प्रवीण महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में एक निजी एजेंसी के माध्यम से बतौर सिक्योरिटी गार्ड कार्यरत था और पिछले तीन वर्षों से लगातार अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहा था। गुरुवार को जब वह अपने कमरे से काफी देर तक बाहर नहीं निकला, तो परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा, जहाँ उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। प्रवीण की मौत के बाद उसका आखिरी वीडियो सामने आया है, जिसे उसने फंदा लगाने से ठीक पहले शूट किया था। वीडियो में मृतक ने बेहद भावुक लहजे में अपनी आपबीती सुनाते हुए साफ तौर पर कहा कि उसकी पत्नी और सास समेत ससुराल के लोग उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे तंग आकर वह यह कदम उठाने पर मजबूर हुआ है। आजाद नगर थाना पुलिस ने इस सुसाइड वीडियो को अपने कब्जे में ले लिया है और इसे तकनीकी जांच के लिए भेजा जा रहा है। प्रवीण के सहकर्मियों और प्राथमिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि वह जिस सिक्योरिटी एजेंसी में काम करता था, वहां उसका कुछ महीनों का वेतन भी लंबित था, जिसके चलते वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा था। आजाद नगर पुलिस के जांच अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड वीडियो के आधार पर ससुराल पक्ष की भूमिका की जांच तो की ही जा रही है, साथ ही एजेंसी द्वारा भुगतान न किए जाने वाले पहलू को भी गंभीरता से देखा जा रहा है। परिजनों और रिश्तेदारों के विस्तृत बयान दर्ज होने के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा।

## गंगा दशहरा पर जन आंदोलन बनेगा 'जल गंगा संवर्धन अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हिन्दू संस्कृति के अनुसार गंगा दशहरा का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माँ गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी और प्रकृति एवं जन-जीवन को धन्य किया था। इस वर्ष गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक स्वरूप देते हुए जन-जन को जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जनभागीदारी आधारित व्यापक अभियान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण भविष्य की आवश्यकता है और इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इसी विज़न के अनुक्रम में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर 25 मई को प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री मधुर कुमार पिता श्री सुनील कुमार तिवारी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003122098 पर आवेदन प्रस्तुत कर म. नं. 289-सी सिलीकान सिटी निहालपुरमुंडी इन्दौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# भाई-बहन से लूट का प्रयास
## रॉन्ग साइड का बहाना बना रोका, विरोध पर महिला को डंडे से पीटा

**इन्दौर।** सांवेर थाना क्षेत्र में देर रात एक गंभीर वारदात सामने आई है जहां इंदौर से उज्जैन लौट रहे बाइक सवार भाई-बहन को दो अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में घेर लिया। बदमाशों ने पहले तो रॉन्ग साइड चलने का झूठा बहाना बनाकर विवाद खड़ा किया और फिर रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। जब भाई-बहन ने इस लूट का कड़ा विरोध किया, तो बदमाशों ने महिला पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े, जिन्हें देखकर आरोपी भाग निकले।

सांवेर पुलिस के मुताबिक, वारदात सांवेर रोड पर स्थित बारहमील के पास हुई। महिदपुर जिला उज्जैन निवासी फरियादी शकील पिता सलीम ने थाने में केस दर्ज कराया है। शकील ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन नसीम बी पति हफीज, निवासी उज्जैन के साथ मोटर साइकिल से इंदौर से वापस उज्जैन की ओर जा रहे थे। वे जैसे ही बारहमील क्षेत्र से गुजरे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी मोटरसाइकिल अड़ाकर उन्हें जबरन रोक लिया। फरियादी के अनुसार, गाड़ी रोकते ही बदमाशों ने उन पर चिल्लाते हुए आरोप लगाया कि, तुम लोग रॉन्ग साइड क्यों चल रहे हो? शकील ने जब इसका प्रतिवाद किया, तो बदमाश गाली-गलौज पर उतर आए। देखते ही देखते बदमाशों ने शकील के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनके पास रखे रुपए व कीमती सामान छीनने की कोशिश की। भाई-बहन ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी रकम नहीं छोड़ी और शोर मचाना शुरू कर दिया।

रात के सन्नाटे में आवाज सुनकर आसपास के खेतों और गांवों के लोग लाठियां लेकर मौके की तरफ दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख बदमाश समझ गए कि वे घिर चुके हैं। भागने की हड़बड़ी में एक बदमाश ने पास ही पड़ा भारी डंडा उठाया और नसीम बी के सिर पर दे मारा। डंडे का वार इतना जोरदार था कि नसीम बी लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ीं। बदमाश वारदात के बाद अपनी बाइक से इंदौर की तरफ भाग निकले। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल नसीम बी को तत्काल उज्जैन के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती पुष्पा पति केलाश श्रीवास आशीष श्रीवास पत्नी श्रीमती पूजा, श्रीवास लोकेश पत्नी श्रीमती पूजा श्रीवास अभिषेक पत्नी मेघा श्रीवास निवासी 305 ए. एस .3 स्कीम नंबर 78 इंदौर यह घोषणा करते हैं श्री कैलाश श्रीवास स्कीम नंबर 78 इंदौर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध लेन-देन नहीं वह कैलाश श्रीवास कुछ भी करे तो उसके वह जवाबदार होंगे हमारे श्रीवास परिवार की कोई जवाबदारी नहीं होगी

**अभय शर्मा एडवोकेट**
**पता-304 ब्रजेश्वरी टावर नवलखा चौराहा, इंदौर**
**फोन-0731-401617**

# धोनी की कप्तानी में जो कभी नहीं हुआ रुतुराज ने लगवाया ऐसा धब्बा

## सीएसके के नाम हुए 2 शर्मनाक रिकॉर्ड



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के 66वें मैच में गुजरात टाइटंस के हाथों मिली 89 रनों की करारी शिकस्त ने चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस को गहरा जख्म दिया है। यह हार सिर्फ प्लेऑफ की रेस से बाहर होने का धब्बा नहीं थी बल्कि रनों के लिहाज से आईपीएल इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स की अब तक की सबसे बड़ी हार दर्ज की गई है। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन इस कदर लाचार दिखा कि चेन्नई की पूरी टीम गुजरात के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। इस करारी शिकस्त के साथ ही कप्तान गायकवाड़ के नाम एक ऐसा शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है जिसे कोई भी कप्तान कभी याद नहीं रखना चाहेगा।

**धोनी की विरासत को गायकवाड़ ने दिया झटका-** महेंद्र सिंह धोनी ने जिस चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में इस लीग के इतिहास की सबसे कामयाब टीम बनाया था, रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में उस महान विरासत को बड़ा धक्का लगा है। आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब चेन्नई सुपर किंग्स लगातार तीन सीजन (2024, 2025 और 2026) में प्लेऑफ का टिकट हासिल करने में नाकाम रही है।

धोनी के दौर में जिस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना एक सामान्य बात मानी जाती थी और जो टीम टूर्नामेंट की सबसे निरंतर टीम हुआ करती थी, आज वह लगातार नॉकआउट की रेस से बाहर होकर पॉइंट्स टेबल में निचले पायदानों पर संघर्ष कर रही है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली 89 रनों की यह हार चेन्नई सुपर किंग्स के माथे पर एक ऐसा कलंक छोड़ गई है जिसे फैंस कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। रनों के लिहाज से आईपीएल के इतिहास में यह सीएसके की अब तक की सबसे बड़ी और सबसे शर्मनाक हार है। इससे पहले टीम कभी भी इतने बड़े अंतर से किसी मैच में नहीं हारी थी।

**गायकवाड़ बतौर कप्तान नहीं कर पाए कुछ खास-** इस सीजन में गायकवाड़ न तो मोर्चे से टीम की कप्तानी संभाल पाए और न ही मैदान पर उनके फैसलों में वो धोनी वाला जादू दिखाई दिया जो संकट के समय मैच का पासा पलट देता था। लगातार तीन मैचों की हार से सीजन की शुरुआत करने वाली सीएसके पूरे टूर्नामेंट के दौरान कभी भी एक चैंपियन टीम की तरह एकजुट नजर नहीं आई। चोटों का बहाना और खिलाड़ियों की खराब फॉर्म अपनी जगह है लेकिन एक कप्तान के तौर पर रुतुराज रणनीतिक मोर्चे और टीम में जोश भरने में पूरी तरह कामयाब नहीं रहे।

# सीएसके का सफर समाप्त, अब एक स्थान के लिए चार टीमों में रेस, प्लेऑफ का समीकरण समझिए

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स का सफर समाप्त हो गया है। टीम ग्रुप राउंड में अपना आखिरी मुकाबला गुजरात टाइटंस से हार गई। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के साथ सीएसके प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली तीसरी टीम बनी है। वहीं आरसीबी, एसआरएच और गुजरात टाइटंस पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुके हैं। वहीं पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स अभी भी प्लेऑफ की रेस मे है।

राजस्थान रॉयल्स के 13 मैचों में 14 पॉइंट हैं। टीम को अपना आखिरी मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ 24 मई को वानखेड़े स्टेडियम में खेला है। उस मैच में जीत से टीम सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। उसे किसी अन्य मुकाबले के नतीजे का चिंता नहीं करना है। उसे हार मिलती है तो उम्मीद करना होगा कि पंजाब हारे और साथ ही दिल्ली कैपिटल्स केकेआर को छोटे अंतर से हरा दे।

**पंजाब किंग्स को दुआ की जरूरत-** शुरुआती 7 मैचों के बाद पंजाब किंग्स के 13 पॉइंट थे। 13 मैचों के बाद भी टीम के 13 पॉइंट हैं। उसे किसी भी कीमत पर अपना आखिरी मैच जीतना होगा। इसके साथ ही उम्मीद करना होगा कि राजस्थान अपना आखिरी मैच हार जाए। वहीं केकेआर को आखिरी मैच में जीत भी मिले तो उसका अंतर कम हो। पंजाब की टक्कर शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से है।

**केकेआर से किसी को उम्मीद नहीं थी-** केकेआर को शुरुआती 6 मैचों में के बाद एक भी जीत नहीं मिली थी। अगले 7 मैचों में 6 जीत के साथ टीम के 13 पॉइंट हो गए हैं। उसे सीजन के आखिरी ग्रुप मैच में दिल्ली कैपिटल्स से खेलना है। टीम को इस मैच में जीत हासिल करने के साथ ही उम्मीद करनी होगी की राजस्थान रॉयल्स मुंबई से हार जाए। वहीं पंजाब किंग्स लखनऊ से जीते तो भी अंतर छोटा रहे।




# इवाना, चटर्जी, आरुष व तारुष फाइनल में पहुंचे

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में इवाना अरोरा, पी. चटर्जी, आरुष खन्ना व तारुष बीसी ने क्रमशः बालिका व बालक वर्ग के सेमीफाइनल में जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले आज शाम 4.30 बजे से खेले जाएंगे।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित एशियन जूनियर टेनिस स्पर्धा के बालिका एकल के पहले सेमीफाइनल में इवाना अरोरा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त सेजल जाधव को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से हराकर उलटफेर किया और फाइनल में प्रवेश किया। तेज धूप के बाद भी इन युवा खिलाड़ियों ने अपनी पूरी क्षमता और लय बरकरार रखी। पहले सेट में इवाना को जीत के लिए कोई गेम नहीं गंवाना पड़ा। तो दूसरे सेट में भी सेजल मात्र एक ही गेम जीत सकी। अब फाइनल में इवाना का मुकाबला छठीं वरीयता प्राप्त पी. चटर्जी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में बी. जयप्रकाश को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-3 से मात दी। शाम के सत्र में हुए मुकाबलों में दोनों युवा खिलाड़ियों ने अपना श्रेष्ठ खेल दिखाया और हर एक अंक के लिए कड़ी मेहनत की। पहले सेट में लगातार दो मुकाबले जीतकर सेट को टाईब्रेकर में जाने से रोक दिया। वहीं दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला, लेकिन चटर्जी ने अपनी लय बरकरार रखी और फाइनल में दस्तक दी।

वहीं बालक एकल वर्ग के पहले सेमीफाइनल में आरुष खन्ना ने श्लोक अलांद को मैराथन मुकाबले में 7-6(5) तथा 6-2 से शिकस्त दी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी अपनी सर्विस बचाते हुए सेट को टाईब्रेकर में ले गए। जहां आरुष ने अपनी कला का उम्दा प्रदर्शन करने पहला सेट अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में भी आरुष ने अपना दबदबा कामय रखा और जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में तानुष बीसी ने भौमिक पुजाला को आसानी से 6-0, 6-0 से मात दी।

बालक युगल का खिताबी मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त के. रघुवंशी व अथर्व चावड़ा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आरुष खन्ना व अद्विक खन्ना को 6-4, 0-6, 10-6 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में श्लोक अलांद व तनुष बीसी ने दूसरी वरीयता प्राप्त ओजस मिश्री व ए. उपाध्याय को 6-0, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# ताहिर हॉकी सेंटर व हॉकी फीडर सेंटर अगले दौर में



**इंदौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वारा स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित ओलंपियन मेजर ध्यानचंद दादा सेवन साइडर जिला स्तरीय बालक व बालिकाओ की हॉकी स्पर्धा में दो मैच खेले गए। पहला मैच बालक वर्ग में ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व शाइन स्टार क्लब के बीच खेला गया जिसमे ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर ने शाइन स्टार क्लब को 3-1 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। विजय टीम की ओर से सूयांश शुक्ला ने दो गोल व एक गोल पितांशु मतकर ने किया। दूसरा मैच बालिका वर्ग मे हॉकी फीडर सेन्टर व अहिल्या आश्रम स्कूल के बीच खेला गया जिसमें हॉकी फीडर सेन्टर ने अहिल्या आश्रम स्कूल को 1-0 से पराजित कर कर अगले दौर में प्रवेश किया दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया विजय टीम की ओर से एकमात्र गोल आराध्या नायक ने किया। मैच के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद इस्माइल अंसारी, जयेश व्यास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के अंपायर राजपाल सिंह लकी व अभिषेक यादव थे।

# सिंह ब्रदर्स ने दी सिथ टाइटंस को मात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में चौथे दिन हुए मुकाबलों में सिंह ब्रदर्स ने सिथ टाइटंस को रोमांचक मुकाबले में 6 विकेट से मात दी। इस जीत में इंदरजीत सिंह ने उम्दा पारी खेली और टीम को जीत दिलाई।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के चौथे दिन हुए पहले मुकाबले में सिख टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंह ब्रदर्स के खिलाफ निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट पर 77 रन बनाए। परमवीर सिंह ने 28, गगनदीप विरदी ने 15 रनों का योगदान दिया। दीपप्रीत सिंह ने 3 विकेट झटके। जवाब में 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिंह ब्रदर्स की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन इंदरदीप सिंह ने एक छोर थामे रखा और 17 गेंदों में 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 34 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। इशप्रीत सिंह भाटिया ने 14 व दीपप्रीत सिंह ने 14 रन बनाए। गगनदीप विरदी व मुखमीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। इंदरदीप सिंह धालीवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं एक अन्य मुकाबले में जुनेल एम. की धमाकेदार 60 रनों की पारी की बदौलत सरबत दा बल्ला की टीम आईडियल वारियर्स को 46 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सरबद दा बल्ला टीम ने 8 ओवर में 1 विकेट पर 85 रन बनाए। जवाब में आईडीयल वारियर्स की टीम 39 रन ही बना सकी।

# सब्जी को लेकर बवाल.. माता पूजन में पथराव और लाठी-डंडे चले

## मामा-भांजे के पक्षों में खूनी संघर्ष, 5 घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शादी-ब्याह और धार्मिक आयोजनों में छोटे-मोटे विवाद होना आम बात है, लेकिन देपालपुर थाना क्षेत्र में माता पूजन के कार्यक्रम में परोसी गई सब्जी को लेकर ऐसा बवाल हुआ कि दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते बात गाली-गलौज से बढ़कर लात-घूंसों, लाठी-डंडों और पथराव तक जा पहुँची। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतों के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देपालपुर पुलिस के मुताबिक, जलोदिया कंटिंग के रहने वाले रणजीत पिता मेसरसिंह सोलंकी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। रणजीत के अनुसार, उनके घर पर माता पूजन का धार्मिक कार्यक्रम और प्रीतिभोज आयोजित था। इस कार्यक्रम में उन्होंने अपने भांजे और चांदेर निवासी रिश्तेदार राजेश पिता कैलाश चौहान को भी आमंत्रित किया था। आरोप है कि राजेश अत्यधिक शराब के नशे में कार्यक्रम में पहुँचा और भोजन के दौरान सब्जी को लेकर विवाद करने लगा। उसने चिल्लाते हुए कहा कि सब्जी अच्छी नहीं बनी है और गालियां बकने लगा। जब मामा रणजीत ने उसे समझाने और शांत करने का प्रयास किया, तो तैश में आकर राजेश ने जमीन से भारी पत्थर उठाकर उन पर हमला कर दिया, जिससे रणजीत के सिर और कमर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आई सुमन नामक महिला की आंख के पास चोट लगी है, जबकि मोहन नाम के युवक को भी लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा गया। वहीं दूसरे पक्ष के राजेश पिता कैलाश चौहान ने मामा पक्ष पर पलटवार करते हुए काउंटर केस दर्ज कराया है। राजेश का आरोप है कि वह अपने मामा रणजीत के घर पूरी श्रद्धा से माता पूजन में शामिल होने गया था। विवाद स्वाद को लेकर नहीं, बल्कि परोसने को लेकर हुआ था। राजेश के मुताबिक, वह पंगत में मेहमानों को सब्जी परोस रहा था, तभी अचानक मामा रणजीत और उनके परिवार के अन्य लोगों ने उसे टोकते हुए कहा कि तुम ठीक से सब्जी नहीं परोस रहे हो।

इसी बात पर उन्होंने अपशब्द कहे और जब राजेश ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी, डंडों और पत्थरों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। राजेश ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# टक्कर के बाद बाइक को घसीट ले गया कार चालक





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हीरानगर थाना क्षेत्र के कबीटखेडी में कल रात एक कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसके बाद दोनों युवक सडक पर गिर गए और उनकी बाइक कार के आगे जा फंसी। कार टैक्सी बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बाइक कार के आगे फंस गई और दूर तक चालक ने उसे घसीटा। लोगों द्वारा पीछा करने के बाद भी चालक नहीं रुका। बायपास पर पत्थर मारकर उसे रोका गया। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

# युवती के हाथ से मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार दो बदमाश

इन्दौर। विजयनगर थाने के रेडिसन क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवती को अपना शिकार बनाया है।बदमाश युवती से मोबाइल लूटकर भाग निकले।

पुलिस के अनुसार, घटना रेडिसन सर्विस रोड की है। क्षेत्र में रहने वाली प्रियंका पिता अरुण श्रीवास्तव ने थाने पहुँचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि वह घटनास्थल किल्लू ढाबे के सामने कट पॉइंट के पास से गुजर रही थीं, तभी वहां बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनकी रेकी की।प्रियंका जब कट पॉइंट के पास पैदल चल रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर आए दोनों बदमाशों ने उनके करीब गाड़ी धीमी की। इससे पहले कि प्रियंका कुछ समझ पातीं, बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पूरी ताकत से प्रियंका के हाथ पर झपट्टा मारा और उनके हाथ में मौजूद कीमती मोबाइल फोन छीन लिया। मोबाइल झपटते ही बाइक चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और मुख्य सड़क की तरफ तेजी से भाग निकले। पीड़िता ने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक बदमाश आँखों से ओझल हो चुके थे।पीडिता प्रियंका श्रीवास्तव की शिकायत पर विजयनगर थाना पुलिस ने अज्ञात दो बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ झपटमारी और लूट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**विजयनगर पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी फुटेज**

### ट्रेवल एजेंट के घर में घुसकर गुंडागर्दी

# खिड़कियों के कांच तोड़े, डरे परिवार ने कमरे में छिपकर बचाई जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

हीरा नगर इलाके से एक ऐसा मामला सामने आया है, जहाँ एक रसूखदार और सनकी युवक ने एक प्रतिष्ठित परिवार के घर के अंदर घुसकर जमकर उत्पात मचाया और पूरे परिवार को खौफ के साए में ला दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना हीरा नगर थाना क्षेत्र के अभिनंदन नगर की है। यहाँ रहने वाले शिबु जार्ज पिता पी.एम. जार्ज जो स्वयं की ट्रेवल एजेंसी संचालित करते हैं। उन्होंने थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी शिबु ने पुलिस को बताया कि 20 मई की शाम करीब 7:57 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर ही थे। इसी दौरान क्षेत्र का ही रहने वाला आरोपी आदर्श सोनी पिता ललित सोनी निवासी कल्पना नगर किसी पुराने विवाद की बात को लेकर गुस्से में उनके घर के अंदर जबरन घुस आया।

आरोपी आदर्श सोनी ने घर में कदम रखते ही शिबु जार्ज को गालियां देना शुरू कर दिया। जब शिबु और उनके परिवार ने उसे घर से बाहर जाने को कहा और गाली देने से मना किया, तो आरोपी हिंसक हो उठा। उसने आव देखा न ताव, घर की खिड़कियों पर हमला कर दिया और एक-एक कर खिड़कियों के सारे कांच तोड़कर भारी नुकसान किया। आरोपी के इस रौद्र और हिंसक रूप को देखकर शिबु जार्ज और उनके परिजन बुरी तरह डर गए। अपनी जान बचाने के लिए पूरा परिवार भागकर घर के एक सुरक्षित कमरे के अंदर घुसा और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।जब पीड़ित परिवार कमरे में बंद हो गया, तो आरोपी बाहर से दरवाजा खटखटाता और चिल्लाता रहा। जाते-जाते आरोपी आदर्श सोनी ने पूरे परिवार को खौफनाक लहजे में धमकी दी और कहा कि आज तो तुम लोग कमरे में छिप गए और बच गए हो, लेकिन आइंदा अगर मुझसे उलझने की कोशिश की या पुलिस में गए, तो तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा।

# पुलिस का पैदल मार्च, शराब दुकानों पर चेकिंग

## अहातों के बाहर और अंधेरे में जाम छलकाने वालों को खदेड़ा

इंदौर । महू थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और खुले में नशा करने वाले असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एसडीओपी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के संवेदनशील इलाकों और शराब दुकानों के आसपास पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई भी की गई। पुलिस के अनुसार, महू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रमुख शराब दुकानों छोटी कलाली, तोपखाना और बस स्टैंड के आसपास यह कार्रवाई की गई। महू एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार और महू थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भारी बल के साथ इन इलाकों में औचक पैदल मार्च किया।



# ढाबा चेकिंग करने पहुंची पुलिस टीम से अभद्रता

## संचालक और उसके परिवार पर शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के लिहाज से ढाबा चेकिंग करने पहुंची गौतमपुरा थाना पुलिस की टीम के साथ अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। एक संचालक और उसके परिजनों ने न केवल चेकिंग का विरोध किया, बल्कि पुलिस स्टाफ के साथ गाली-गलौज भी की। पुलिस ने ढाबा संचालक सहित परिवार के 6 सदस्यों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना हिंगोट मैदान स्थित मां कालका ढाबा की है। गौतमपुरा थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में रूटीन चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ढाबों की जांच कर रही थी। जब पुलिस टीम मां कालका ढाबा पर पहुंची और ढाबा संचालक कालू पिता रमेश से परिसर चेक कराने को कहा, तो कालू ने साफ इनकार कर दिया। बात सिर्फ इनकार तक ही सीमित नहीं रही ढाबे में मौजूद कालू के परिजन भी पुलिस टीम के सामने आ गए और चेकिंग का उग्र विरोध करने लगे। कालू की मां यशोदाबाई पति रमेश, भाई कद्दू पिता रमेश सहित परिवार के अन्य सदस्यों किट्टू पिता कद्दू, रोहित पिता जितेन्द्र और राज पिता दिनेश ने मिलकर थाना स्टाफ के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। आरोपियों ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सरेराह गालियां दीं और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस टीम के साथ हुई इस अभद्रता के बाद गौतमपुरा पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी कालू, यशोदाबाई, कद्दू, किट्टू, रोहित और राज सभी निवासी भोई मोहल्ला, गौतमपुरा के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।